डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

पाक्षिक समाचार पत्र प्रकाशित, भोपाल 2[illegible].05.2022 से 04.05.2022 वर्ष 39 अंक 35 मूल्य ₹10.00

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक

राज्य अपनी भौगोलिक स्थिति के अनुरूप देश के विकास में करें योगदान



केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह भोपाल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुये, साथ में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान।

भोपाल, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने भोपाल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 23वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए, जबकि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

अपने सम्बोधन में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मध्य परिषद में शामिल मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड और छत्तीसगढ़ राज्य अपनी भौगोलिक स्थिति, जीडीपी में योगदान और देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। पहले इन चारों राज्यों को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन अब यह सभी राज्य इससे बाहर निकलकर विकास के मार्ग पर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद राज्य देश में अनाज उत्पादन का प्रमुख केंद्र हैं और परिषद में शामिल चारों राज्यों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के टीम इंडिया के कॉन्सेप्ट को जमीन पर उतारा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने का काम किया है। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 8 साल में पूरे देश में टीम इंडिया की अवधारणा को सामने रख इसे चरितार्थ किया है। श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद क्षेत्रीय परिषद की बैठकों की संख्या में हुई बढ़ोत्तरी के आंकड़े देते हुए श्री शाह ने बताया कि 1957 से 2013 की तुलना में 2014 से अब तक क्षेत्रीय परिषद की बैठकों की फ्रीक्वेंसी में तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कोविड के बावजूद बैठकों की संख्या में बढ़ोत्तरी प्रधानमंत्री के टीम इंडिया के कॉन्सेप्ट को उद्घोषित करती है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हालांकि क्षेत्रीय परिषद की बैठकों की भूमिका सलाहकारी होती है, लेकिन गृह मंत्री के तौर पर तीन साल के अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि परिषद और इसकी स्थायी समिति की बैठकों को महत्व देकर हमने अनेक मुद्दों को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

प्रधानमंत्री के संकल्पों की सिद्धि के लिए काम कर रही है मध्य क्षेत्रीय परिषद

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का फेडरल स्ट्रेक्चर मजबूत होकर उभरा है। हमें विचारधारा के मतभेद भूलकर भारत के विकास का रास्ता निकालना है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्य क्षेत्रीय परिषद श्री मोदी के संकल्पों की सिद्धि के लिए काम कर रही है और सहकारी संघवाद को बल मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद केंद्र और राज्य के सहयोग का सेतु तो है ही, साथ ही परस्पर विचारों और अनुभवों को साझा करने का यह सशक्त माध्यम भी बन गई है। कई जटिल और नीतिगत विषयों का परिषद की बैठकों के माध्यम से समाधान हुआ है। राज्य में प्रचलित दरों पर 19.74 प्रतिशत की विकास दर अर्जित की है, जो देश में सर्वाधिक है। भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देने के उद्देश्य से प्रदेश में 500 बिलियन डॉलर के लक्ष्य के साथ कार्य जारी है।

राज्य सरकार एक लाख सरकारी पदों पर करेगी भर्तियां - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जहां एक ओर कौशल विकास प्रशिक्षण, स्व-रोज़गार के क्षेत्र में अवसर वृद्धि और ऋण-अनुदान योजनाओं से युवाओं के लिए जीविका के साधन निर्मित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं शासकीय विभागों में रिक्तियों की जानकारी एकत्र की गई है। राज्य सरकार लगभग एक लाख रिक्त पद इस वर्ष अभियान चलाकर भरने जा रही है। मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में हुई बैठक में विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन ने बताया कि 21 बड़े विभाग में 93 हजार 681 पद रिक्त हैं। इनकी पूर्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया संचालित की जाएगी। बताया गया कि स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग में विभिन्न श्रेणी के लगभग 30 हजार रिक्त पद हैं, साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों को मिलाकर लगभग एक लाख पदों पर भर्ती का कार्य हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने अन्य विभागों को भी रिक्तियों की जानकारी देने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संपूर्ण कार्रवाई के संचालन के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान विभिन्न विभागों की बैठक को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

- विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की कार्रवाई प्रारंभ करें।
- पद पूर्ति का कार्य मिशन मोड पर किया जाए।
- विभाग विस्तृत जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपने का कार्य करें।
- शासकीय विभाग में रिक्त पदों को भरने से रोज़गार के अवसर मिलेंगे।
- पदों के भरने से विभागीय कामकाज ज्यादा सुचारू होगा।
- निर्धारित प्रक्रिया अपना कर रिक्त पदों में भर्ती की जाए।

महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि के आदेश जारी

भोपाल, राज्य शासन ने शासकीय सेवकों के लिए महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि करने के आदेश जारी कर दिए हैं। महंगाई भत्ते में वृद्धि के आदेश के बाद महंगाई भत्ता दर 1 अगस्त 2022 से (भुगतान माह सितंबर 2022) बढ़कर कुल 34 प्रतिशत हो जाएगी। वर्तमान में शासकीय सेवकों को मार्च 2022 (भुगतान अप्रैल 2022) से सातवें वेतनमान में 31 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। महंगाई भत्ता दर में 50 पैसे अथवा उससे अधिक पैसे को अगले उच्चतर रुपये में पूर्णांकित किया जाएगा और 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जाएगा।

खास खबर

लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता के लिए आवेदन आमंत्रित

भोपाल, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता की जा रही है। लता मंगेशकर अलंकरण के लिए उज्जैन, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, सागर और ग्वालियर संभाग में यह प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता दो आयु वर्ग, 8 से 15 वर्ष और 15 से 25 वर्ष की श्रेणी में होगी। इच्छुक प्रतिभागी अकादमी की वेबसाइट से आवेदन डाउनलोड कर सकते हैं।

साथ ही भोपाल और नर्मदापुरम् संभाग के लिए अकादमी के बाणगंगा स्थित कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर 2022 है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर

मध्यप्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालय और विश्वविद्यालय सॉफ्टवेयर से जुड़ेंगे

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी 528 शासकीय महाविद्यालय और 16 शासकीय विश्वविद्यालय भारत सरकार के एनआईसी के ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर से सीधे जुड़ेंगे। इससे उच्च शिक्षा में अध्ययनरत प्रदेश के 16 लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इस सॉफ्टवेयर से विद्यार्थियों को दुर्लभ पुस्तकें भी डिजिटल फॉर्मेट में पढ़ने के लिए उपलब्ध हो सकेंगी। इससे अकादमिक गुणवत्ता में सुधार होगा। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में एक बैठक में कहीं।

बैठक में एनआईसी और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस सम्बन्ध में एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री शैलेन्द्र सिंह, आयुक्त श्री दीपक सिंह, संचालक श्री सुनील सिंह, एनआईसी के उप महानिदेशक श्री अमर कुमार सिन्हा, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक श्री कमलेश जोशी, ई-ग्रंथालय प्रोजेक्ट के राज्य समन्वयक श्री जितेंद्र पाराशर उपस्थित रहे।

वर्तमान में देश के 28 हजार शिक्षण संस्थान ई-ग्रंथालय सॉफ्टवेयर से जुड़े हैं। यह मोबाइल पर भी उपलब्ध है। विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीयन कर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों में उपलब्ध संसाधनों को इस पर अपलोड किया जा सकता है, जिसमें अन्य महाविद्यालय, विश्वविद्यालय उनका लाभ ले सकें। एनआईसी के अधिकारियों ने बताया कि सॉफ्टवेयर के उपयोग को लेकर महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पदस्थ स्टाफ और प्राध्यापकों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों के नामकरण के लंबित प्रस्तावों को दो माह में पूर्ण करने, सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने, पांच प्रतिशत पदों पर सहायक प्राध्यापकों की नवीन भर्ती, प्राध्यापकों को 10 हजार ग्रेड-पे देने, भूमिहीन महाविद्यालयों को भूमि उपलब्ध कराने और विषय, विद्यार्थियों की संख्या अनुसार युक्तियुक्तकरण कर महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की पदस्थापना करने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उच्च शिक्षा मंत्री ने स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा और परिणामों की भी समीक्षा की।

गांधी मेडिकल कॉलेज में शुरू होगी हिन्दी माध्यम से एमबीबीएस की पढ़ाई

भोपाल, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में 2022-23 के सत्र से एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई हिन्दी माध्यम से आरंभ की जा रही है। जुलाई 2022 से प्रदेश के 6 इंजीनियरिंग कॉलेजों में बी.टेक. पाठ्यक्रमों तथा 6 पॉलीटेक्निक कॉलेजों के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में मातृभाषा हिन्दी में पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में अध्ययन और अध्यापन पर विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश में इस दिशा में प्रभावी पहल की गई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने एक समाचार-पत्र समूह द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एजुकेशन समिट-2022 में निवास कार्यालय से वर्चुअली सम्मिलित होकर कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बेहतर शिक्षण के लिए 5-सी क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी, कोलेबरेशन, क्यूरोसिटी और कम्युनिकेशन को महत्वपूर्ण बताया है। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में इन सभी पर काम हो रहा है। श्री मोदी ने देश को नई शिक्षा नीति का उपहार देकर दूरदर्शी पहल की है। नई नीति सच्चे अर्थों में ज्ञान, कौशल और संस्कार का त्रिवेणी संगम है। नई शिक्षा नीति में ज्ञान के महत्व को 5 रूपों में समाहित किया गया है। इसमें भारतीय ज्ञान और दर्शन परंपरा को पढ़ाई के माध्यम से नई पीढ़ियों को सौंपना, कॉन्सेप्ट की समझ आधारित शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा को नंबर गेम एवं गला काट प्रतियोगिता से मुक्त कर ग्रेडिंग तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में परिवर्तित करना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा को कौशल विकास और रोज़गार से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्य जारी है। भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कौशल शिक्षण के लिए ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जा रहा है। प्रदेश में 10 संभागीय आई.टी.आई. को आदर्श आई.टी.आई. के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में नई स्टार्टअप नीति लागू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में अनुशासन, कर्मठता, देश-भक्ति और महिलाओं के प्रति सम्मान के भाव का समावेश आवश्यक है। स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में महापुरुषों की जीवनी, अमर शहीदों की गाथाएं और नैतिक शिक्षा का समावेश किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

20 अगस्त

देशभर में एक लाख से ज्यादा गांवों को मिला ओडीएफ प्लस दर्जा

● भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी) ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत देशभर में एक लाख एक हजार 462 गांवों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) प्लस घोषित किया गया है। यह गांव अपना ओडीएफ दर्जा बनाए हुए हैं, साथ ही इन गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रणालियां स्थापित की गई हैं। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के अनुसार देश में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, उत्तरप्रदेश और हिमाचल प्रदेश हैं, जहां अधिकतम गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आठ वर्ष पूर्व देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। इस मिशन के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए कक्षा

दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के सैंपल पेपर सितम्बर माह के पहले सप्ताह में अपलोड कर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार बोर्ड परीक्षाएं फरवरी 2023 में शुरू हो सकती हैं। इस बार बोर्ड परीक्षाएं पूरी तरह ऑफलाइन आयोजित होंगी सीबीएसई इस बार दोनों बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव कर सकता है। सीबीएसई पर दबाव होगा कि वह जल्द से जल्द पैटर्न स्पष्ट करे, ताकि विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्री-बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए कम से कम 6 से 7 सप्ताह का समय मिल सके।

21 अगस्त

अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास शुरू

● भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच एक बार फिर राजनयिक संबंध शुरू हो गये हैं। काबुल स्थित भारतीय दूतावास ने अफगानिस्तान में कामकाज शुरू कर दिया है। तालिबान सरकार ने भारत के इस कदम की सराहना की तथा भारतीय राजनयिकों को पूर्ण समर्थन और सुरक्षा का आश्वासन दिया है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहार बल्खी ने बताया कि भारत के राजनयिक काबुल पहुंच गये हैं और काम फिर से शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान भारत सहित सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहता है। बल्खी ने कहा कि अफगानिस्तान में भारत की कई परियोजनाएं हैं, इनमें से कुछ पूरी हो चुकी हैं, कुछ अधूरी हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भारत अफगानिस्तान के विकास के लिये इन परियोजनाओं पर काम शुरू करेगा। इसी बीच तालिबान ने यह भी साफ कर दिया है कि चीन को अफगानिस्तान में सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

● अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप ऐसे 13 स्थानों की पहचान की है, जहां अंतरिक्ष यानों की लैंडिंग की जा सकती है। नासा ने बताया कि जिन 13 स्थानों को लैंडिंग के लिये चुना गया है वे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के अक्षांश के छह डिग्री के भीतर मौजूद हैं। नासा ने एक बयान जारी कर कहा कि वह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास इन संभावित जगहों पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को उतारेगा। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव सबसे अधिक ऊबड़-खाबड़ और गड्ढों से भरा क्षेत्र है।

22 अगस्त

यूपीआई पर किसी तरह का चार्ज नहीं लगायेगी सरकार

● केंद्र सरकार ने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) के माध्यम से लेन-देन करने

पर शुल्क लगाने की अटकलों पर विराम लगाते हुये कहा कि यूपीआई के जरिये पैसे के लेन-देन पर किसी भी तरह का शुल्क नहीं लगाया जायेगा। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट कर बताया कि सरकार की यूपीआई पर किसी भी तरह का शुल्क लगाने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई एक डिजिटल पब्लिक सर्विस है, जिससे जनता को काफी सुविधा मिली है। सुविधा के साथ यह अर्थव्यवस्था के लिये भी फायदेमंद है। वित्त मंत्रालय ने यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर्स से कहा कि जो भी यूपीआई की सेवा प्रदान कर रहे हैं, उन्हें किसी अन्य तरीके से अपनी लागत निकालने पर विचार करना होगा। सरकार ने इस वर्ष भी डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम को वित्तीय मदद देने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने यूपीआई पेमेंट और शुल्क को लेकर आमजन से फीडबैक मांगा था, इसके बाद से यूपीआई लेन-देन पर शुल्क को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं।

● रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच रूसी मिसाइल हमले में यूक्रेन के दक्षिणी कस्बे में चार बच्चे सहित 12 लोग घायल हो गये हैं। रूस का यह मिसाइल हमला यूक्रेन के दूसरे बड़े परमाणु संयंत्र पिव्डेनोक्रेन्स्क परमाणु संयंत्र से 30 किलोमीटर दूर हुआ है। रूसी मिसाइल हमले पर प्रतिक्रिया देते हुये यूक्रेन ने इसे रूस के परमाणु आतंकवाद की संज्ञा दी है। यूक्रेन के अनुसार उसके चार एक्टिव परमाणु संयंत्रों पर रूसी सेना कब्जा करना चाहती है।

23 अगस्त

चीन दो वर्ष बाद भारतीय छात्रों को जारी करेगा वीजा

● चीन ने कोरोना महामारी के चलते लगाये गये प्रतिबंधों के कारण फंसे भारतीय छात्रों के लिये वीजा जारी करने की घोषणा की है। चीन लगभग दो वर्ष बाद भारतीय छात्रों को वीजा जारी करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने वीजा शुरू करने की विस्तृत घोषणा करते हुये कहा कि एक्स-1 वीजा उन छात्रों को जारी किया जायेगा, जो उच्च शिक्षा के लिये लंबी अवधि चीन जाना चाहते हैं। इनमें नये छात्रों के अलावा वे छात्र भी शामिल हैं, जो पहले चीन में पढ़ रहे थे, लेकिन कोरोना महामारी के चलते बीच में भारत लौट आये थे। चीन के कोविड वीजा प्रतिबंधों के कारण 23 हजार से अधिक भारतीय छात्र स्वदेश लौट आए थे, इनमें से ज्यादातर छात्र मेडिकल शिक्षा के हैं। यह छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिये चीन जाना चाहते हैं। इसके अलावा चीन सरकार ने भारतीयों के लिये व्यापार वीजा सहित विभिन्न श्रेणियों के लिये भी वीजा जारी करने की योजना की घोषणा की है।

● विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में अब बिना अकादमिक डिग्री के भी प्रोफेसर

बन सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस योजना को मंजूरी प्रदान की है। इस योजना के तहत उच्च शिक्षण संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त विशेषज्ञों को फैकल्टी मेंबर के तौर पर नियुक्त कर सकेंगे। इस योजना के तहत प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिये औपचारिक अकादमिक योग्यता (डिग्री) की कोई बाध्यता नहीं रहेगी। इस योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ प्रोफेसर बनकर दो वर्ष तक सेवाएं दे सकेंगे। इनमें गायक, नृतक, उद्योग और समाज सेवा सहित अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं। अभी देश में आईआईटी और आईआईएम संस्थानों में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस योजना लागू है। यूजीसी के अनुसार किसी भी क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साबित कर चुके या 15 वर्ष का अनुभव रखने वाला व्यक्ति इस योजना के पात्र माना जायेगा। शीर्ष स्तर पर काम कर चुके लोगों को योजना में प्राथमिकता दी जायेगी।

24 अगस्त

गैर संगठित कामगारों को भी मिलेगी ईएसआईसी सुविधा

● केंद्र सरकार गैर संगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देने की कवायद कर रही है। जल्द ही गैर संगठित कामगारों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिल सकेगी। केंद्रीय श्रम मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने बताया कि देश के 744 जिलों में ईएसआईसी सुविधा इस वर्ष के अंत तक उपलब्ध करा दी जायेगी। ईएसआईसी के अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना से भी जोड़ा जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि सभी ईएसआईसी अस्पतालों को अपनी क्षमता बढ़ाने के लिये कहा गया है। श्रम मंत्री ने बताया कि देश में घरेलू कामगारों का सर्वे कराया जा रहा है। घरेलू कामगारों में चौकीदारी करने वालों से लेकर घरों से जुड़े विभिन्न प्रकार के काम करने वाले लोगों को शामिल किया गया है। इन कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के साथ पेंशन सुविधा से जोड़ने की योजना है।

● देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'पद्म पुरस्कार 2023' के लिये ऑनलाइन नामांकन और सिफारिश करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन पुरस्कारों के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में एक बयान जारी कर कहा कि आमजन पद्म पुरस्कारों के लिये नामांकन और सिफारिशें भेज सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि आमजन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in पर पद्म पुरस्कारों के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

25 अगस्त

यूपीएससी ने अभ्यर्थियों के लिये शुरू किया वन टाइम रजिस्ट्रेशन

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने अभ्यर्थियों के लिये वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा के बाद अब अभ्यर्थियों को विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिये आवेदन करते समय हर बार अपनी व्यक्तिगत जानकारियां नहीं भरनी पड़ेंगी। यूपीएससी ने कहा कि ओटीआर अभ्यर्थियों के लिये काफी उपयोग साबित होगा, क्योंकि इससे परीक्षा के लिये आवेदन करते समय व्यक्तिगत जानकारियों को भरने में लगने वाला समय बचेगा। साथ ही ब्यौरा भरते समय गलत सूचनाएं दर्ज करने से भी बचा जा सकेगा। यूपीएससी की किसी भी भावी परीक्षा के लिये आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अब ओटीआर प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराना होगा, जिसके लिये उन्हें उसमें दर्शायी गई अपनी व्यक्तिगत जानकारियां भरनी होंगी। इसके अलावा यूपीएससी ने सिविल सर्विसेज परीक्षा में प्रयासों को लेकर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की जानकारी भी जारी की है।

● देश में ट्रांसजेंडर वर्ग को भी अब आयुष्मान भारत योजना के तहत समग्र स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के बीच एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस एमओयू की सराहना करते हुये कहा कि यह एमओयू ट्रांसजेंडर वर्ग को उचित और सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करने के लिये प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते के बाद देशभर में ट्रांसजेंडर वर्ग को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

26 अगस्त

भारत ने यूएनएससी में रूस के खिलाफ पहली बार किया मतदान

● भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में यूक्रेन को लेकर एक प्रक्रियात्मक मतदान में रूस के खिलाफ वोट किया। भारत ने यूएनएससी में पहली बार रूस के खिलाफ मतदान में वोट किया है। 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन की स्वतंत्रता की 31वीं वर्षगांठ पर पिछले छह महीने से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध की समीक्षा के लिये बैठक बुलाई थी। बैठक के दौरान यूक्रेन के प्रतिनिधि ने अपने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जोड़ने का अनुरोध किया। इस पर रूस के प्रतिनिधि वासिली एनेबेंजिया ने प्रक्रियात्मक वोट कराने का अनुरोध किया। भारत सहित 13 देशों ने प्रक्रियात्मक वोट के पक्ष में मतदान किया, जबकि रूस ने इसके खिलाफ वोट किया। चीन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

● चीन से जारी तनाव के बीच ताइवान अगले वर्ष से अपना रक्षा बजट बढ़ाने जा रहा है। ताइवान की राष्ट्रपति ने देश के रक्षा बजट में 13.9 प्रतिशत का इजाफा करने का फैसला किया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस बढ़ोत्तरी के बाद ताइवान का रक्षा बजट बढ़कर 586 बिलियन एनटीडी (न्यू ताइवान डॉलर) हो जायेगा। इस बजट में 108 बिलियन एनटीडी लड़ाकू विमान तथा अन्य रक्षा उपकरणों के लिये रखे गये हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

WINTER COURSE
Admissions Open सफलता की गारंटी
10th 11th 12th
NEET
नर्सिंग (PNST)
बालाजी दयूलेयिल्स
221, वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ, इन्दौर
98930-53653
R-47464/2022

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 35 29.08.2022 से 04.09.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है।
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

विभिन्न प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों से मिले मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश देश का दिल है, आपने मध्यप्रदेश का दिल जीत लिया है। न केवल यूपीएससी परीक्षा बल्कि नीट, आईआईटी, जेईई सहित अलग-अलग परीक्षाओं में प्रदेश के विद्यार्थियों का चयन हो रहा है। विद्यार्थी चयनित होने के बाद अपना दृष्टिकोण ऐसा रखें जिससे प्रदेश और देश की जनता का भविष्य बन सके और देश विकास के पथ पर आगे बढ़े। कोई कार्य ऐसा नहीं है, जो आप नहीं कर सकते। लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने पर सफलता जरूर मिलती है। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में सफलता के सोपान सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 38 अभ्यर्थियों का शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरणास्वरूप कहानी सुनाकर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुये कार्य करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़े, दुनिया देखती रह जाये, ऐसा कार्य कर दिखाएं। अहंकार कभी न करें। जनता की सेवा के लिये हम सदैव तत्पर रहें। सामान्य परिवारों से आकर, आप आगे बढ़े, मुझे इस पर गर्व है। विनम्रता कभी न भूलें, सबको समान महत्व देकर कार्य करें। धैर्य कभी नहीं खोएं और उत्साह से सदैव भरे रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। आप अच्छे से प्रशिक्षण लेकर देश को और आगे बढ़ाने के लिये बेहतर ढंग से कार्य करें। प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के सामने विभिन्न क्षेत्रों में जाने के अवसर हैं। चयनित अभ्यर्थी श्री कृष्णपाल की मां आंगनवाड़ी सहायिका हैं। ऐसी स्थिति में सफल होकर दिखा देना हम सबके लिये गर्व की बात है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि दुनिया में कोई ऐसा कार्य नहीं है, जो मनुष्य नहीं कर सके। मनुष्य जैसा सोचता है, वैसा बन जाता है। उन्होंने कहा कि एक छोटे से स्कूल से निकलकर मैं मुख्यमंत्री बन सकता हूं तो आप क्यों नहीं सफल हो सकते हैं। अपनी रुचि का विषय चुनकर पूरी क्षमता से तैयारी करें। समय का एक क्षण भी न गवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के बच्चे चमत्कार कर सकते हैं। उन्हें आवश्यक सुविधाएं दिलाने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज में मेडिकल की पढ़ाई अब हिन्दी में होगी। इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी अब हिन्दी में कराई जायेगी। कार्यक्रम में यूपीएससी-2021 में चयनित कुमारी सोनाली सिंह परमार ने कहा कि उचित दिशा में उचित परिश्रम करें, निर्धारित पथ पर अडिग रहें। श्री ऐश्वर्य वर्मा ने कहा कि अपना देखा सपना पूरा करने की कोशिश करें, चाहें मुश्किलें कितनी भी आ जायें। कुमारी श्रद्धा गोमे ने कहा कि परीक्षा की तैयारी करने के पूर्व परीक्षा को समझना जरूरी है। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। असफलता से घबराये नहीं, टेक्नोलॉजी का नियंत्रित और सही दिशा में प्रयोग करें। परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, यह जीवन नहीं है। श्री कृष्ण पाल राजपूत ने कहा कि कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझें। कठिन परिश्रम, साहस और धैर्य से तैयारी करें। कुमारी ट्विंकल जैन ने कहा कि विषय की समझ, समय प्रबंधन के साथ अपने आपको मेंटली स्ट्रांग रखें, कोशिश करते रहें हार नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार अपनी शिक्षा नीति के माध्यम से प्रदेश में ऐसा वातावरण तैयार करने में सफल रही है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये अच्छा माहौल बन रहा है, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश के बच्चे अच्छी सफलता हासिल कर रहे हैं। इसका पूरा श्रेय प्रदेश की बेहतर शिक्षा नीति को है।

घर में उपयोग की जाने वाली गैस में जहरीले रसायन

हमें लगता है कि प्रदूषण केवल घर के बाहर ही है, घर के अंदर किसी तरह का प्रदूषण नहीं है। लेकिन हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह पाया गया है कि घर में खाना बनाने के लिये उपयोग की जाने वाली गैस से भी प्रदूषण फैलता है। हम जानते ही हैं वायु प्रदूषण दुनियाभर में बड़ी संख्या में मौतों का कारण बन रहा है। इसके चलते हर साल लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। हैरानी की बात यह है कि वायु प्रदूषण के नाम पर हम सब केवल बाहरी प्रदूषण को लेकर चिंता जाहिर करते हैं, जबकि घर के अंदर होने वाला प्रदूषण भी बाहरी प्रदूषण जितना ही खतरनाक है। एक हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि चूल्हे से निकलने वाली गैस भी खतरनाक हो सकती है, इससे निकलने वाली प्राकृतिक गैस में जहरीले रसायन पाये गये हैं। एक शोध के निष्कर्ष में बताया गया है कि बोस्टन क्षेत्र के 69 घरों से लिये गये 234 प्राकृतिक गैस के नमूनों में कम से कम 21 विभिन्न खतरनाक वायु प्रदूषण रसायन पाये गये। इनमें बेंजीन, एथिलबेंजीन, हेक्सेन आदि शामिल हैं। इस अध्ययन में बताया गया कि चिंता करने वाली बात यह है कि लोगों को पता है कि गैस चूल्हे से निकलने वाली प्राकृतिक गैस साफ है, जबकि ऐसा नहीं है। इसमें बेंजीन जैसी गैसों का होना इंसानों के लिये खतरनाक है। अध्ययन में बताया गया कि लोगों को लगता है कि चूल्हे से निकलने वाली गैस कोयला और पेट्रोल, डीजल की तुलना में हवा में कम प्रदूषण फैलाती है। यह पूरी तरह से साफ होती है, हालांकि ऐसा नहीं है। अध्ययन में बताया गया कि गैस स्टोव का उपयोग ना केवल श्वास संबंधी समस्यायें पैदा कर सकता है, बल्कि कुछ बच्चों में अस्थमा की बीमारी का कारण भी बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि गैस चूल्हे का उपयोग करते समय जरूरी सावधानी बरतनी चाहिये। यह घरेलू प्रदूषण के लिहाज से सबसे खतरनाक प्रदूषण की श्रेणी में माना जा सकता है। चूल्हे से निकलने वाला बेंजीन एक रंगहीन या हल्के पीले रंग का रसायन होता है। यह हवा में आसानी से घुल जाता है। इससे थकान, चक्कर आना, सिरदर्द और कैंसर का खतरा भी हो सकता है। वहीं टोल्यूनि एक सुगंधित हाइड्रो कार्बन है, जो एक मिथाइल समूह से जुड़े बेंजीन से बना होता है। लगातार इसके संपर्क में रहने से लोगों में सांस संबंधी बीमारी हो सकती है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय खेल दिवस **29 अगस्त**

भारतीय हॉकी का पर्याय थे मेजर ध्यानचंद

जैसे क्रिकेट में रन बनते हैं उस रफ़्तार से वह गोल करते हैं। यह बात क्रिकेट के महान खिलाड़ी सर डॉन ब्रेडमैन ने मेजर ध्यानचंद का हॉकी का मैच देखने के बाद कही थी। हॉकी के जादूगर के नाम से मशहूर महान खिलाड़ी ध्यानचंद के हॉकी के मैच को जादू की तरह समझा जाता था। एक बार नीदरलैंड में उनकी हॉकी स्टिक को अधिकारियों ने सिर्फ इसलिए तोड़ दिया था, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि हॉकी में चुंबक लगी है। अपने खेल जीवन में 1000 से अधिक गोल दागने वाले ध्यानचंद के जीवन से जुड़े ऐसे कितने ही किस्से हैं, जो उनके बारे में कहे जाते हैं। उनके जन्मदिन 29 अगस्त को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।

गुरु बाले तिवारी ने दिया ध्यानचंद नाम

मेजर ध्यानचंद का जन्म प्रयागराज में 29 अगस्त, 1905 में हुआ था। शुरुआत में उन्हें हॉकी के बजाय कुश्ती खेलने में रुचि थी। बचपन में परिवार के साथ वह रानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झांसी में बस गए थे। ध्यानचंद ने 16 साल की उम्र में आर्मी ज्वाइन करने से पहले कभी हॉकी नहीं खेली थी। तब ध्यानसिंह भारतीय सेना के एक सिपाही थे, जो साथी जवानों के साथ सुबह-सुबह परेड पर जाते थे। उस वक्त आर्मी के जवानों का हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों की ओर रुझान बढ़ रहा था। ध्यानसिंह भी साथी जवानों को हॉकी खेलते देखते थे हालांकि ध्यानसिंह को हॉकी खेलने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। इस बात का जिक्र रचना भोला यामिनी द्वारा लिखित किताब 'द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ मेजर ध्यानचंद' में भी किया गया है। इस किताब में लिखा है कि, एक बार ध्यानसिंह ऐसे ही हॉकी लेकर बॉल को मार रहे थे, वहीं पास खड़े ध्यानसिंह के कोच सूबेदार बाले तिवारी यह सब देख रहे थे। सूबेदार बाले ने ध्यानसिंह को बताया कि हॉकी कोई बच्चों का खेल नहीं, इसके बाद उन्होंने ध्यानसिंह को हॉकी की टेक्निक बताई। धीरे-धीरे समय गुजरता गया, ध्यानसिंह हॉकी की कड़ी ट्रेनिंग लेते रहे। वह दिन-रात की परवाह किए बगैर, बस हाथ में हॉकी लेकर मैदान में जुट जाते थे। यही नहीं चांद की रोशनी में भी ध्यानसिंह हॉकी की प्रैक्टिस करना नहीं भूलते थे। ध्यानसिंह के खेल के प्रति इस जुझारूपन को देखकर एक दिन कोच बाले तिवारी ने हॉकी के जादूगर को अपने पास बुलाया और कहा आज से हम तुम्हें ध्यानचंद बुलाएंगे क्योंकि, 'ध्यान तुम्हारा नाम है और तुम चांद की तरह इस आकाश में चमकने वाले हो।'

हारने वाली टीम के संग खेलने की जतायी इच्छा

झांसी के सीपरी में स्थित हीरोज ग्राउंड का उनके जीवन में अहम स्थान रहा है। यह उनका समाधि स्थल है। इस मैदान की ऊबड़-खाबड़ जमीन पर वह स्वयं हॉकी की प्रेक्टिस करते थे और साथी खिलाड़ियों को भी यह खेल सिखाते थे। उनका खेल इतना अच्छा था कि कपड़े की गेंद मानो सिर्फ उनकी हॉकी स्टिक से ही चिपकी रहती थी। प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी उनसे गेंद छीन नहीं पाते थे। उनके खेल जीवन में निर्णायक मोड़ तब आया, जब वह अपने पिता के साथ श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर इंटर कॉलेज में एक हॉकी मैच देखने गए। एक टीम जब हारने लगी तो ध्यानचंद ने हार रही टीम की ओर से खेलने की इच्छा जताई। इस दौरान वहां मौजूद आर्मी ऑफिसर ध्यानचंद को खिलाने के लिए राजी हो गए। इसके बाद ध्यानचंद ने मैदान में उतरने के बाद चार गोल किए और खेल की बाजी पलटते हुए हारती हुई टीम को जीत दिलाई। इसके साथ ही उनके हॉकी के स्वर्णिम कॅरियर की शुरुआत हो गई। सन् 1926 में भारतीय हॉकी टीम में वह शामिल हुए। उन्होंने 1928 के एम्सटर्डम ओलिंपिक, 1932 के लॉस एंजलिस ओलिंपिक और 1936 के

बर्लिन ओलिंपिक में 39 गोल किए और अपनी टीम को विश्व हॉकी का बादशाह बना दिया। वह ऐसे अकेले हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार तीन ओलिंपिक में भारत को गोल्ड मेडल दिलवाए। मेजर ध्यानचंद के अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 400 और घरेलू हॉकी में एक हजार से अधिक गोल हैं।

हॉकी के जादूगर के सम्मान में मनाते हैं राष्ट्रीय खेल दिवस

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद देश के पहले ऐसे खिलाड़ी है, जिन्हें 1956 में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने पद्म विभूषण पदक से सम्मानित किया था। वहीं 1994 में 29 अगस्त को भारत सरकार ने खेल दिवस घोषित किया था। देश के सभी खेल पुरस्कार खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन अवॉर्ड इसी दिन दिए जाते हैं। 1956 में भारतीय सेना से मेजर के पद से रिटायर होते समय ध्यानचंद की उम्र 51 साल थी। रिटायर होने के बाद भी उन्होंने हॉकी नहीं छोड़ी और कुछ वर्ष राजस्थान के माउंट आबू में कोचिंग देने के बाद पटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में वे चीफ हॉकी कोच बन गए। दिल्ली के एम्स में उन्होंने 3 दिसम्बर, 1979 को अंतिम सांस ली।

बर्लिन ओलिंपिक का ऐतिहासिक पल

15 अगस्त, 1936 के ऐतिहासिक दिन को भुलाया नहीं जा सकता जब भारतीय टीम मैदान में जर्मनी के सामने खड़ी थी लेकिन तानाशाह हिटलर की मौजूदगी से टीम में खौफ था तब ड्रेसिंग रूम में टीम के मैनेजर पंकज गुप्ता ने तिरंगे को अपने बैग से निकाला और प्रत्येक खिलाड़ी को उस वक्त तिरंगे की कसम खिलायी कि हिटलर की मौजूदगी में घबराना नहीं है। ऐसे माहौल के बीच भारतीय हॉकी टीम ने तिरंगे के सम्मान के लिए जर्मनी टीम के सामने खेलना शुरू किया और मध्यकाल तक भारतीय टीम 2 गोल दाग चुकी थी। फाइनल मैच से एक दिन पहले बरसात से मैदान गीला हो चुका था और बिना स्पाइक वाले ध्यानचंद के रबड़ के जूते स्लिप कर रहे थे, जिसे देखते हुए उन्होंने इन जूतों को फेंककर नंगे पांव ही खेलना शुरू कर दिया। नंगे पांव ही ध्यानचंद ने हाफ टाइम के बाद दनादन 6 गोल दागे और 8-1 से जर्मनी को पराजित कर दिया। जर्मनी को हारता देख हिटलर मैदान छोड़ जा चुके थे लेकिन 16 अगस्त को हिटलर खुद ध्यानचंद को सम्मानित करने आएंगे ऐसा सुनकर ध्यानचंद पूरी रात सो नहीं सके। सुबह जब हिटलर के सामने ध्यानचंद खड़े थे तो हिटलर ने ध्यानचंद की पीठ ठोकी और उनकी नजर ध्यानचंद के जूतों में अटक गई। जूते फटे हुए थे। हिटलर ने पूछा भारत में आप क्या करते हो? ध्यानचंद ने कहा मैं आर्मी में हूं। आर्मी शब्द सुनते ही हिटलर ने फिर पूछा क्या काम करते हो वहां की आर्मी में? ध्यानचंद ने कहा पंजाब रेजिमेंट में लांस-नायक के पद पर काम करता हूं। हिटलर ने तुरंत कहा जर्मनी में रह लो यहां की सेना में कर्नल का पद दिलवा दूंगा। तब ध्यानचंद ने कहा नहीं पंजाब रेजिमेंट पर मुझे गर्व है और भारत ही मेरा देश है। तब हिटलर ने कहा जैसी तुम्हारी इच्छा। हिटलर ने सोने का मेडल ध्यानचंद को दिया और स्टेडियम से तुरंत निकल आए। यह खबर दुनिया के अखबारों में सुर्खियों में छायी जब पहली बार तानाशाह हिटलर के सामने किसी व्यक्ति ने इस तरह के ज़वाब दिए।

आजादी के बाद खेलों में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने वाले कुछ खिलाड़ी

केडी जाधव-छोटा कद, बड़ा मुकाम - 15 जनवरी, 1926 को जन्मे पांच फिट पांच इंच कद के दुबले-पतले पहलवान ने आजाद भारत के लिए ओलिंपिक में पहला मेडल जीता था। कुश्ती खिलाड़ी खाशाबा दादासाहेब जाधव, जिन्हें पॉकेट डायनेमो भी कहा जाता था स्वतंत्र भारत के पहले खिलाड़ी थे जिन्होंने ओलिंपिक में भारत के लिए व्यक्तिगत पदक हासिल किया। साल 1948 में उन्हें पहचान तब हासिल हुई जब उन्होंने लखनऊ में प्रसिद्ध राष्ट्रीय चैंपियन निरंजन दास को हराया। उन्होंने 1952 हेलसिंकी फिनलैंड में फ्रीस्टाइल बैंटमवेट 52-57 किलो में भारत के लिए कांस्य पदक जीता।

फ्लाइंग सिख-मिल्खा सिंह- फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने एशियाई खेलों में कई स्वर्ण पदक जीते और उन्हें 1960 में पाकिस्तानी अब्दुल खालिक के खिलाफ एक अंतिम दौड़ में भाग लेने के लिए प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा राजी किया गया। खालिक को 'द फ्लाइंग वर्ड ऑफ एशिया' और 'द फास्टेस्ट मैन ऑफ एशिया' करार दिया गया था, लेकिन वह मिल्खा के खिलाफ 1960 की दौड़ हार गए। मिल्खा ने नियमित रूप से विश्व रिकॉर्ड बनाए, लेकिन वह उस सफलता को ओलिंपिक में स्थानांतरित नहीं कर सके, जहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चौथा था।

नीरज चोपड़ा ने ओलिंपिक में जीता सोना- टोक्यो ओलिंपिक 2020 के दौरान भारतीय एथेलेटिक्स को अपना नया सितारा मिला। नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भारत का दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता, ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गए। उन्होंने ओलिंपिक में स्वर्ण लेने के लिए भाला फेंककर 87.58 मीटर की दूरी तय की। ओलिंपिक के गोल्डन बॉय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में इतिहास रच दिया था।

ओलिंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट- भारतीय भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी ओलिंपिक में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला एथलीट हैं। ये प्रतिष्ठित सम्मान उन्होंने साल 2000 में हासिल किया था। सिडनी 2000 ओलिंपिक में कर्णम ने ये मुकाम हासिल किया। कुल 240 किलोग्राम में उन्होंने स्नैच श्रेणी में 110 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 130 किलोग्राम भार उठाते हुए, कर्णम मल्लेश्वरी ओलिंपिक कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उनकी उपलब्धियों की वजह से उन्हें 'द आयरन लेडी' नाम दिया गया।

देश की पहली महिला वेटलिफ्टर- कुंजारानी देवी भारोत्तोलन के खेल से संबंध रखती हैं। विश्व चैंपियनशिप में सात रजत पदक और एशियन गेम्स में दो कांस्य पदक ने उन्हें भारत की सबसे सफल महिला वेटलिफ्टर बना दिया था। मणिपुर की इस पूर्व भारोत्तोलक का कद भले ही 5 फुट 3 इंच का रहा हो, लेकिन उनकी उपलब्धियां उनके कद से कहीं अधिक और ऊपर रही हैं। इन्हें अद्भुत ताकत और साहस की वजह से हरक्यूलिस भी कहते हैं। कुंजारानी देवी को 1990 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया और फिर 1996 में भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान को उन्होंने लिएंडर पेस के साथ साझा किया। कुंजारानी को 2011 में नागरिक सम्मान पद्म श्री प्रदान किया गया।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

COMPUTER PROFICIENCY CERTIFICATION TEST

Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited
State IT Center, 47-A, Arera Hill, Bhopal-462011
EXAM REGISTRATION OPENS

MPSEDC/CPCT/Exam/2022/

म.प्र. शासन द्वारा सरकारी रोज़गार हेतु आवश्यक CPCT स्कोर कार्ड

राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कम्प्यूटर दक्षता/कौशल प्रमाणीकरण हेतु **संविदा/नियमित नियुक्तियों** के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार (CPCT पोर्टल पर उपलब्ध) सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर क्षेत्र में कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का स्कोर कार्ड प्राप्त करना अनिवार्य है।

परीक्षा तिथि : 18 सितम्बर 2022, रविवार | **पंजीयन तिथि : 23 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 तक**

आवेदन-पत्र में संशोधन करने की तिथि : 02 सितम्बर 2022 से 04 सितम्बर 2022

- CPCT परीक्षा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, सतना में आयोजित की जाएगी।
- CPCT नियम पुस्तिका में आवेदन फॉर्म में सुधार हेतु नियम उपलब्ध कराए गए हैं।
- CPCT नियम पुस्तिका में निःशक्तजनों से संबंधित नियम उपलब्ध कराये गए हैं तथा लेखक की सुविधा हेतु आवेदन का प्रारूप CPCT पोर्टल पर उपलब्ध है।
- CPCT परीक्षा सम्बन्धी समस्त जानकारी/विवरण एवं नियम पुस्तिका तथा आगामी परीक्षाओं का प्रस्तावित कैलेंडर CPCT पोर्टल (**www.cpct.mp.gov.in**) पर उपलब्ध है।
- मूल (Original) फोटोयुक्त पहचान पत्र लाने पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।
- अभ्यर्थी को दोनों अनुभाग (कम्प्यूटर एवं टाइपिंग) में सम्मिलित होना अनिवार्य है।
- CPCT परीक्षा का संचालन, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान परीक्षा कराने के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

परीक्षा एवं पंजीयन की सुविधा अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में उपलब्ध होगी। आवेदकों को परीक्षा के लिए **आवेदन ऑनलाइन ही भरने होंगे।** आवेदक अपना पंजीयन MP-Online के Kiosks से भी कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/106004/47452/2022 **मुख्य महाप्रबंधक**

Note : MPSeDC द्वारा प्रदेश में किसी भी संस्था को CPCT प्रशिक्षण हेतु अधिकृत नहीं किया गया है।

प्री-नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट (PNST)-2021 के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं (केवल महिलाओं के लिए)

आवेदन पत्र भरने की तिथि : 06 सितम्बर से 20 सितम्बर 2022 तक

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 06 सितम्बर से 25 सितम्बर 2022 तक

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
17 व 18 अक्टूबर 2022 सोमवार एवं मंगलवार	प्रथम	प्रातः 07:00 से प्रातः 08:00 बजे तक	प्रातः 08:50 से प्रातः 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से प्रातः 11:00 बजे तक (2:00 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:00 से दोपहर 01:00 बजे तक	दोपहर 01:50 से दोपहर 02:00 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 02:00 से शाम 04:00 बजे तक (2:00 घंटे)

परीक्षा शहर :- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, दमोह, सतना, सागर, रतलाम

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा की विस्तृत नियम पुस्तिका बोर्ड की वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** पर उपलब्ध है, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.peb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **परीक्षा शुल्क**

अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रु. 400/-
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/निःशक्तजन अभ्यर्थियों के लिए (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों के लिए)	रु. 200/-
ऑनलाइन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क	रु. 60/-
अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क	रु. 20/-

विशेष निर्देश :-

1. अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
3. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (verify) होने पर ही ई-आधार पहचान पत्र के रूप में मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जायेगा।
4. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के साथ-साथ अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड/ आधार नंबर की जानकारी लाना अनिवार्य है।
5. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान आधार इनेबल्ड बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है, अतः जिन अभ्यर्थियों ने अपना आधार नंबर लॉक करवाया है, कृपया वे अभ्यर्थी परीक्षा के पूर्ण दिवस आधार नंबर को अन-लॉक करवाना सुनिश्चित कर लें।
6. परीक्षार्थी को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थी को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
7. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, केलकुलेटर, लॉग टेबल्स एवं नक़ल पर्चा आदि का उपयोग वर्जित है।
8. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
9. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किए प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
10. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
11. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण-पत्र का परीक्षण पी.ई.वी. द्वारा नहीं किया जाता है। अतः कंप्यूटर आधारित Online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट : बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य विन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 16/2022 **संचालक**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011
फोन नं. : +91-755-2578801-02, Fax : +91-755-2550498
Website : www.peb.mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/106067/47458/2022

नियम तथा नीतियों के सरलीकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित कर कार्य करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विधि और विधायी कार्य विभाग की समीक्षा करते हुये कहा है कि अनुपयोगी कानूनों को समाप्त करने और अधिनियम, नियम तथा नीतियों के सरलीकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की जाए। लोक अभियोजन अधिकारियों के कार्यों की नियमित समीक्षा के लिए प्रदेश में व्यवस्था विकसित करें। लोक अभियोजन संचालनालय को सशक्त बनाने के लिए कॉडर निर्माण सहित आवश्यक ढांचागत सुधार समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालयों के कार्य संचालन की सुगमता के लिए जिलों में न्यायालय भवन, न्यायाधीश आवास गृह, बार रूम, न्यायाधीशों के पदों तथा सपोर्टिंग स्टाफ की पूर्ति के संबंध में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, एडवोकेट जनरल आदि के साथ वार्षिक स्तर पर बैठक करने की व्यवस्था स्थापित की जाए।

Indore Christian College, Indore

Affiliated to DAVV Indore
Nasia Road, Nr. Sarvate Bus Stand, Indore Ph. : 91114-32193
E mail - dubeydr7@gmail.com

REQUIRED

Following Teaching and Non - Teaching Faculty Required

» ASSISTANT PROFESSOR

● Law - 6 Post ● Political Science - 1 Post ● History - 1 Post ● Commerce - 1 Post
● Hindi Literature - 1 Post ● English Literature - 1 Post ● Social Work - 1 Post

» OFFICE ASSISTANT

Knowledge of MS Office Hindi/English typing is must.

» COUNSELOR

Good Communication Skills, Knowledge of MS office is must.

» SPORTS OFFICER

● QUALIFICATION / SALARY / PERKS : As per UGC

Apply within 10 days with detailed biodata, latest passport size colour photograph and photocopies of testimonials. Complete application may be sent by E-Mail, Post or to be submitted in the institute office between 10 am and 2 pm on working days.

Dr. Amit David (Principal)

R-47463/2022

प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT) 2022 के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

आवेदन पत्र भरने की तिथि : 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2022 तक

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 31 अगस्त से 19 सितम्बर 2022 तक

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
15 व 16 अक्टूबर 2022 शनिवार, रविवार	प्रथम	प्रातः 07:00 से प्रातः 08:00 बजे तक	प्रातः 08:50 से प्रातः 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से दोपहर 12:00 बजे तक (3:00 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:00 से दोपहर 01:00 बजे तक	दोपहर 01:50 से दोपहर 02:00 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 02:00 से शाम 05:00 बजे तक (3:00 घंटे)

परीक्षा शहर :- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सतना, सागर, रतलाम, मंदसौर

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा की विस्तृत नियमपुस्तिका बोर्ड की वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** पर उपलब्ध है, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.peb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **परीक्षा शुल्क**

2022_PWDRB_217344_1	कटनी	25.03.22	सड़क कार्य	प्रथम	105.24	1.05240	12500/-	05 माह वर्षा ऋतु सहित
सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 7. हरदुआ थनौरा विरूहली बिलहरी मार्ग में लंबाई 5.70 कि.मी. कौडिया चरगवा मार्ग में लंबाई 4.0 कि.मी. कुल 9.70 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।								
2022_PWDRB_217345_1	कटनी	25.03.22	सड़क कार्य	प्रथम	74.98	0.74980	10000/-	03 माह वर्षा ऋतु रहित
			योग		1355.75			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपये 1355.75 लाख (तेरह करोड़ पचपन लाख पचहत्तर हजार मात्र)

उपरोक्त वेवसाइट में ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन विड सवमिशन की **अंतिम तिथि 09.09.2022 सायं 17:30 बजे तक** निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

नोट :- उपरोक्त आमंत्रित समस्त निविदाओं में म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक एफ/53/2/2011/यो/19/2822/भोपाल/दिनांक 10 अगस्त, 2022 के अनुसार नवीन अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी की शर्तें लागू।

कार्यपालन यंत्री

जी-15914/47459/2022 **लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी**

भारत की अर्थव्यवस्था में बढ़ रहा मध्यप्रदेश का योगदान - मुख्यमंत्री

भोपाल-इंदौर के मध्य उद्योग और रोज़गार को बढ़ावा देने वाले नगर की योजना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में स्टेट ऑफ स्टेट्स-मध्यप्रदेश फर्स्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। गत वित्त वर्ष में मध्यप्रदेश 19.74 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ देश में अग्रणी है। प्रदेश के पूंजीगत व्यय में लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस साल पूंजीगत व्यय के लिए 48 हजार 800 करोड़ रुपये की राशि से बेहतर कार्य हो रहे हैं। यह बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में इंडिया टुडे समूह के 'स्टेट ऑफ स्टेट्स-मध्यप्रदेश फर्स्ट' कार्यक्रम में प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति का ब्यौरा देते हुये कहीं।

प्रधानमंत्री के मंत्र पर अमल

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोरोना काल में दिए गए आत्म-निर्भरता के मंत्र को स्वीकार करते हुए आपदा में अवसर के सिद्धांत पर कार्य करने वाला प्रदेश रहा है। अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुशासन क्षेत्र में देश के विशेषज्ञों से वर्ष 2020 में महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए गए थे। इसी तरह पर्यावरण-संरक्षण की चर्चा करें तो, ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने भारत की कुछ प्रतिबद्धताओं से अवगत करवाया था। यह सम्मेलन ग्रीन हाउस गैसों के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार जीवाश्म ईंधन और कोयले के इस्तेमाल को कम करने की योजना बनाने वाला प्रथम जलवायु सम्मेलन था, जिसमें प्रधानमंत्री ने पृथ्वी को सुरक्षित रखने के संबंध में चिंता व्यक्त की थी।

बत्तीस लाख युवाओं को रोज़गार का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्ष में बड़ी संख्या में नौकरी और स्व-रोज़गार के अवसर युवाओं को मिलेंगे। प्रदेश में 32 लाख युवाओं को रोज़गार देने का लक्ष्य है। युवाओं को आगामी एक वर्ष में एक लाख सरकारी नौकरियों में स्थान मिलेगा। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। स्व-सहायता समूह से लगभग 43 लाख परिवार की महिलाएं जुड़ी हैं। इन्होंने अर्थव्यवस्था को नई ताकत दी है। समूह की बहनों को 3 हजार करोड़ रुपये का ऋण दिलवाया जा रहा है।

कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों का उपयोग

श्री चौहान ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जहाँ गेहूं उत्पादन में हम सबसे आगे हैं, वहीं फसलों के विविधीकरण और प्राकृतिक कृषि की तरफ भी ध्यान दिया जा रहा है। राजधानी के नजदीक सीहोर जिले में तुलसी और अश्वगंधा की पैदावार हो रही है। किसानों को कृषि उत्पादन का उचित मूल्य दिलवाने के साथ उन्हें नई कृषि तकनीक से परिचित करवाने का कार्य हो रहा है। किसानों को उत्पादन के विक्रय के लिए मंडी के साथ अन्य विकल्प उपलब्ध करवाए गए हैं। करीब 80 प्रतिशत किसान छोटे किसान हैं, इन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। किसानों के खातों में 7816 करोड़ रुपये की राशि जमा करवाई गई है।

अब मध्यप्रदेश बनेगा चीता स्टेट

श्री चौहान ने कहा कि टाइगर और लेपर्ड स्टेट के बाद अब मध्यप्रदेश चीता स्टेट भी बनेगा। पन्ना राष्ट्रीय उद्यान में टाइगर को पुनर्जीवन देने के बाद अब प्रदेश में चीतों एवं अन्य वन्य-प्राणियों के संरक्षण के लिए पहल की गई है। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से मध्यप्रदेश के कूनो पालपुर राष्ट्रीय अभ्यारण्य में उन्हें बसाने का कार्य किया जा रहा है।

इंदौर-भोपाल के बीच इण्डस्ट्रियल टाउनशिप

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधोसंरचना क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रयास किए जा रहे हैं। अटल एक्सप्रेस-वे सिर्फ एक सड़क नहीं होगी, बल्कि सड़क के दोनों और इंडस्ट्रियल क्लस्टर निर्मित किए जाएंगे। नर्मदा एक्सप्रेस-वे भी मध्यप्रदेश के ग्रोथ का इंजन बन जाए, ऐसे प्रयास हैं।

भारत में कॉरपोरेट खेती के स्थान पर होगी को-ऑपरेटिव खेती

भोपाल, भारत में शीघ्र ही कॉरपोरेट खेती के स्थान पर को-ऑपरेटिव खेती होगी। केंद्र सरकार शीघ्र ही नई सहकारिता नीति ला रही है। देश में सहकारिता विश्वविद्यालय खोला जायेगा। पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी समिति) को बहुउद्देशीय बनाया जायेगा। मार्केटिंग के क्षेत्र में भारत सरकार आगामी एक माह में एक्सपोर्ट हाउस बनाने जा रही है। अमूल कुछ ही समय में देश में मिट्टी का परीक्षण एवं किसानों के उत्पाद का परीक्षण कर उन्हें जैविक प्रमाण-पत्र 'अमूल' के नाम से देगा। इससे किसानों को अपनी फसलों का अधिक मूल्य मिलेगा और प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। ये बातें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने भोपाल में नाफेड द्वारा आयोजित 'कृषि विपणन में सहकारी संस्थाओं की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री शाह ने कहा कि प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाने के उद्देश्य से एक माह में मॉडल एक्ट लेकर आयेंगे, जो इन्हें मजबूत एवं बहुआयामी बनायेगा। हर पैक्स को एफपीओ बनने की योग्यता प्राप्त हो जायेगी। वे मार्केटिंग के साथ ही भण्डारण और परिवहन सहित 22 प्रकार की गतिविधियां कर सकेंगी। पैक्स से अपेक्स तक मजबूत मार्केटिंग व्यवस्था होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में किसानों की आय को दोगुना करने के सराहनीय प्रयास हुए हैं। भारत दलहन एवं तिलहन को छोड़कर अन्य उत्पादों में आत्मनिर्भर हो चुका है। किसानों को अच्छा एमएसपी मूल्य दिलवाया जा रहा है। ई-नाम पोर्टल से 2 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हो चुका है। हमारा कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर को पार कर चुका है। अब सहकारी संस्थाएं जेम पोर्टल से न केवल खरीदी कर सकेंगी, बल्कि उत्पादों को बेच भी सकेंगी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'सबको साख-सबका विकास' मध्यप्रदेश में सहकारिता का मूल मंत्र है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। सहकारिता भारत की मिट्टी एवं जड़ों में है।

सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम् यह सभी हमारे मंत्र हैं, जो सहकार की भावना को व्यक्त करते हैं। भारत सहकारिता के इतिहास में 6 जुलाई का दिन स्वर्ण अक्षर में लिखा जायेगा। इस दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में पृथक सहकारिता मंत्रालय बनाया और श्री अमित शाह को इसकी बागडोर सौंपी। श्री अमित शाह ने सहकारिता को भारत में नई दिशा एवं गति दी है। उनके शब्दकोष में असंभव शब्द नहीं है।

जर्मनी और भारत के संबंध ऐतिहासिक सांस्कृतिक एवं व्यापारिक हैं - मुख्यमंत्री

भोपाल, जर्मनी और भारत के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक हैं। स्वास्थ्य, पर्यटन एवं उद्योग के क्षेत्र में जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखे गए प्रस्तावों का मध्यप्रदेश में स्वागत है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित निवास पर जर्मनी के डॉ. मारियो वायगिट के नेतृत्व में जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के अवसर पर कही। प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्री एंड्रास वीहल, मार्टिन हेंकल, क्रिस्टियन हर्रगोट, क्रिस्टियन कलिन, क्रिस्टियन टिचनेर और जॉन्स उवेंच शामिल थे।

मुख्यमंत्री कहा कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखे गए प्रस्ताव के संबंध में रोडमैप तैयार कर उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य, पर्यटन एवं उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को रोडमैप तैयार करने समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीनों क्षेत्रों में क्या बेहतर हो सकता है इसके लिए पूरा प्रयास करें।

बैठक में आपसी हित के क्षेत्रों में कार्य करने भोपाल में व्यापारिक एवं निवेश बढ़ाने के लिए जर्मन केंद्र स्थापित करने की संभावना पर भी विचार विमर्श किया गया। जर्मन और मध्यप्रदेश के निवासियों के बीच सांस्कृतिक, मैत्रीपूर्ण संपर्क, सम्मान, आपसी समझ और स्थायी मित्रता और पर्यटन को बढ़ावा देने के समझौते पर चर्चा की गई।

खाद्य प्रसंस्करण और कृषि से संबंधित स्टार्टअप्स में हैं पर्याप्त संभावनाएं

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं में शुरू होने वाले 17 क्लस्टर्स निर्माण की प्रक्रिया एक माह में आरंभ की जाए। रोज़गार और स्व-रोज़गार राज्य शासन की प्राथमिकता है। फार्मा, फर्नीचर, रेडीमेड गारमेंट, फूड-प्रोसेसिंग और खिलौना निर्माण में बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसरों का सृजन होता है। इन क्लस्टर्स का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा करें। औद्योगिक पार्कों के निर्माण की प्रक्रिया को भी गति दी जाए। साथ ही केवल रोज़गार ही नहीं स्व-रोज़गार के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से युवाओं को जोड़ने के लिए सुविधाजनक वातावरण और युवाओं को आवश्यक प्रोत्साहन उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्व-रोज़गार योजनाओं में अनुदान की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में ऑनलाइन हस्तांतरित करने के लिए पोर्टल अपग्रेडेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। सभी जिला कलेक्टर प्रतिमाह होने वाले रोज़गार दिवस में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय विभागों के क्रय में गुणवत्ता से समझौता किए बिना राज्य में निर्मित सामग्री को प्राथमिकता दी जाए। इससे राज्य के उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश में स्टार्टअप के लिए बेहतर इकोसिस्टम विद्यमान है, खाद्य प्र-संस्करण और कृषि से संबंधित स्टार्टअप्स की पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, एमएसएमई प्रोत्साहन योजना और मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति में निवेश पर सहायता जैसी योजनाओं का लाभ लेने में युवाओं को कोई समस्या नहीं आए।

जानकारी दी गई कि 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में निर्मित सामग्री को ई-कॉमर्स कम्पनियों के साथ जोड़ने की दिशा में वॉलमार्ट वृद्धि के साथ एमओयू किया जा चुका है। हेमलेज और फर्स्ट क्राय आदि से भी बातचीत जारी है।

गरीब परिवार की आर्थिक उन्नति के लिए पशुपालन को करें प्रोत्साहित

भोपाल, मध्यप्रदेश में दुग्ध सहकारी समिति के सदस्यों को 2 लाख 19 हजार 603 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। प्रदेश में 716 दुग्ध सहकारी समितियां गठित की जा चुकी हैं। इनमें से 336 समितियों में स्व-चालित इकाइयों की स्थापना की जा चुकी है। नाना जी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय के अंतर्गत जबलपुर और डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में डेयरी साइंस और फूड टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम की मंजूरी दी गई है। जबलपुर में गोबर से सीएनजी उत्पादन संयंत्र के लिए कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। यह जानकारी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक में दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि गरीब परिवारों के आर्थिक उन्नति के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बकरी पालन कार्य के लिए अधिक से अधिक सहयोग देने के प्रयास किए जाएं। कम स्थान में कम लागत के साथ चारे की उपलब्धता के कारण बकरी पालन आर्थिक रूप से फायदेमंद है। श्री चौहान ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता से किया जाए। पशुओं के रोगों के नियंत्रण के लिए विभाग का अमला सजग रहे। जानकारी दी गई कि प्रदेश में बकरी पालन के प्रोत्साहन के लिए हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है। उज्जैन, सिवनी, ग्वालियर और टीकमगढ़ में बकरी प्रक्षेत्र के संचालन में व्यवस्थाएं बेहतर की गई हैं। इन प्रक्षेत्रों में कृत्रिम गर्भाधान और वत्सोत्पादन के कार्य में सफलता मिली है।

स्व-सहायता समूह की बहनें बना रहीं गोबर और गौमूत्र के उत्पाद

मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना में मनरेगा में 3 हजार 241 गौशालाएं मंजूर की गई थीं। इनमें से 1033 गौशालाएं शुरू हो गई हैं। महिला स्व-सहायता समूह की बहनें 530 गौशालाओं का संचालन कर रही हैं। इन्हें गोबर एवं गौमूत्र के विभिन्न उत्पाद जैसे गोबर के गणेशजी, दिए, हवन के कंडे और विभिन्न प्रकार की जैविक खाद के साथ ही अन्य सामग्री तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। गौ वंश के संरक्षण के साथ ही गौशालाएं आजीविका का साधन भी बन गई हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए पूर्व में लिए गए निर्णय और की गई कार्यवाही की भी जानकारी प्राप्त की। जानकारी दी गई कि योजना का विभागीय अधिकारियों की समिति ने आकलन कर विश्लेषण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

नागरिक आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है राष्ट्रीय शिक्षा नीति - केंद्रीय गृह मंत्री

शिक्षा आत्म-सम्मान को सुरक्षित रख बनाएगी आत्मनिर्भर - मुख्यमंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह भोपाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुये।

भोपाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारत की आत्मा और भारतीयता की उद्घोषणा है। यह नीति शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ विचारों को जमीन पर लाने का कार्य कर रही है। स्वभाषा और मातृभाषा के सम्मान और मन की शक्ति को बढ़ाते हुए भारतीय कलाओं और संस्कृति को प्राथमिकता देने वाली व्यवहारिक नीति है। एक समय आएगा, जब दुनिया के देशों के लोग भारतीय शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए बड़ी संख्या में आएंगे। भारतीय शिक्षण संस्थाएं विश्व के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थाओं में शामिल होंगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति नागरिक आकांक्षाओं का प्रतिबिम्ब है। यह नीति भविष्य के भारत की नींव भी है। ये बातें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने भोपाल स्थित विधानसभा के मानसरोवर सभागृह में स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी पर भारत की शिक्षा नीति पर हुई संगोष्ठी को संबोधित करते हुये कहीं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नेतृत्व करते हुए नवीन शिक्षा नीति को इतना समर्थ बनाया है कि यह नीति विद्यार्थियों और गुरुजन के मन की शक्ति को बढ़ाने के लिए विश्लेषण, तर्क, स्मृति, निर्णय क्षमता, क्रियान्वयन और मीमांसा करने के सामर्थ्य पर जोर देती है। किसी भी तरह की शिक्षा व्यक्ति को सफल तो बना सकती है, लेकिन उसे बड़ा व्यक्ति बनाने के लिए मन की शक्ति बढ़ाना आवश्यक होगा। कोई भी राष्ट्र यदि महान बनता है तो उस राष्ट्र की नदियों और पहाड़ों से ही नहीं, बल्कि महान व्यक्तियों से बनता है। हमारी नई शिक्षा नीति भी ऐसी है, जो महान व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य को पूरा करती है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा ऐसी होना चाहिए, जो जीवन के संघर्षों को झेलने के लिए योग्य बनाती हो। यदि यह क्षमता शिक्षा में नहीं है तो वह शिक्षा निरर्थक है। हमें अपनी संस्कृति से जुड़ने और परोपकार जैसे गुणों से ओत-प्रोत बनाने के लिए सार्थक शिक्षा मिलना चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि यह प्रथम शिक्षा नीति है, जो भारतीय व्यक्तियों के विचारों के अनुकूल है। बच्चों में ज्ञान-विज्ञान के मूल स्रोत को जागृत करना, नीति का प्रमुख उद्देश्य है। पहले शिक्षा में रटा-रटाया पाठ्यक्रम होता था। अब जो नीति लागू की गई, वो बच्चों के अंदर समाहित ईश्वर प्रदत्त शक्तियों को उभारकर उन्हें तराशे जाने के लिए अवसर उपलब्ध करवाती है। इस नीति को भिन्न-भिन्न दृष्टि से देखें तो यह रोज़गार की वृद्धि, अभिव्यक्ति के मंच उपलब्ध कराने, तकनीक के उपयोग और अनुसंधान की संभावनाओं को विकसित करने वाली नीति है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. ठाकरे जी का भाषण नहीं, आचरण बोलता था। स्व. ठाकरे के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी ठाकरे जी के जीवन को आदर्श मानकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य करें। आज शिक्षा नीति पर इस संगोष्ठी के अवसर पर यह बताना प्रासंगिक होगा कि मध्यप्रदेश में विद्यार्थियों को शिक्षा के तीन प्रमुख उद्देश्यों ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार देने के अनुसार व्यवस्थाएं की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को तकनीकी कौशल देने के लिए 10 संभागीय मुख्यालयों में मॉडल आईटीआई की पहल और भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क के माध्यम से 10 हजार विद्यार्थियों को प्रति वर्ष प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में टास्क फोर्स कार्य कर रही है। बीते दशकों की कमियों को दूर कर शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और आत्मसम्मान के साथ जीने के लिए आवश्यक वातावरण बनाया जा रहा है।

अतिवृष्टि से उत्पन्न संकट की इस घड़ी में सरकार प्रदेशवासियों के साथ

भोपाल, मध्यप्रदेश में विगत दिनों से निरंतर बारिश के कारण प्रदेश के मध्य और पूर्वी भाग भोपाल, विदिशा, राजगढ़, गुना, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम्, जबलपुर में वर्षा ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कई स्थानों पर नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कुछ गांवों में जलभराव की स्थिति बनी है। हमने गांवों से पानी के बीच घिरे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला है। लगभग 2300 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई हैं। हमने एयरलिफ्टिंग की व्यवस्था के लिए एक हेलीकॉप्टर रवाना कर दिया है और दूसरा हेलीकॉप्टर आ रहा है। तीसरा हेलीकॉप्टर भी बुलवाया गया है। निचले स्थानों पर बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर लाया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रदेश में जारी वर्षा, विभिन्न जिलों में बाढ़ की स्थिति और चल रहे राहत कार्यों की निवास कार्यालय पर समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने मंत्रालय स्थित स्टेट सिचुएशन रूम पहुंचकर प्रदेश की स्थिति का जायजा लिया। जिलों के कलेक्टरों से वर्षा की स्थिति की जानकारी ली तथा बचाव और राहत कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भोपाल नगर में स्थिति का जायजा लेने स्वयं रात को निकले। उन्होंने अतिवर्षा से उत्पन्न विद्युत समस्याओं को हल करने विद्युत मंडल के कर्मचारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही का सिविल लाइंस में अवलोकन किया और कर्मचारियों की सजगता और कठिन परिस्थितियों में कर्तव्य निर्वहन की सराहना की।

श्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास से की समीक्षा में प्रभावित जिलों से वर्चुअली जुड़ कर हर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रदेशवासियों के साथ है। हम राहत और बचाव के कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अतिवृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से धैर्य और संयम से काम लेने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लगातार बारिश होने से बांध लबालब भरे हैं और कई बांधों के गेट खोलने पड़े हैं। विदिशा जिले में बेतवा नदी और बेतवा की सहायक नदियां उफान पर हैं, कई गांव घिरे हुए हैं। गुना में पार्वती नदी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और वहीं नर्मदा जी में कई स्थानों पर जल-स्तर कम हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अकेले विदिशा जिले में ही 18 राहत शिविरों में 1,200 लोग रुके हुए हैं। लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं करने के प्रयास जारी हैं।

कुसुम-सी योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ी

भोपाल, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा एवं उत्थान महाभियान योजना (पीएम-कुसुम)-सी योजना में लोगों का रुझान देखते हुए आवदेन की अंतिम तिथि 24 अगस्त से बढ़ाकर 31 अगस्त 2022 कर दी गई है। योजना मे प्रदेश के कृषि फीडर्स को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत कर निवेशकों और किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रथम चरण में 1250 मेगावॉट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित किये जाएंगे।

निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी www.mprenewable.nic.in, से प्राप्त की जा सकती है।

'आगे आयें लाभ उठायें' की तर्ज पर संपूर्ण दस्तावेज के साथ पहले आवेदन करने वाले कृषकों, व्यवसाइयों, संस्थाओं, निवेशकों और विकासकों को प्राथमिकता दी जाएगी। सोलर संयंत्र स्थापना के लिये 30 प्रतिशत अनुदान के साथ शासन द्वारा 25 वर्षों तक बिजली क्रय एवं भुगतान की गारंटी दी जाएगी। सौर संयंत्र की स्थापना कृषि फीडर्स के समीप किसानों की भूमि पर की जाएगी। किसान को सिंचाई के लिये दिन में बिजली मिलेगी।

मध्यप्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास योजना प्रारंभ

प्रत्येक जिले के 100 ग्रामों में योजना क्रियान्वयन का लक्ष्य

भोपाल, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बताया है कि पेस्टीसाइड मुक्त फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य तथा पर्यावरण-संरक्षण के लिये प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना निहायत ही जरूरी है। प्रदेश में इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए 'मध्यप्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास योजना' को शुरू किया जा रहा है। प्रथम चरण में सभी जिलों में 100-100 ग्रामों का चयन किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम में 5 कृषक चयनित कर उन्हें गौ-पालन के लिये अनुदान भी दिया जायेगा।

शुरुआती तौर पर 5200 गांवों में शुरू होगी प्राकृतिक कृषि

श्री पटेल ने बताया है कि प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करने के लिये प्रारंभिक तौर पर 5,200 ग्रामों में प्राकृतिक कृषि प्रारंभ होगी। प्रत्येक ग्राम से 5 प्राकृतिक कृषि करने वाले कृषकों का चयन करेंगे। चयनित कुल 26 हजार किसानों को गौ-पालन के लिये अनुदान दिया जायेगा। योजना में वे ही किसान सम्मिलित होंगे, जिनके पास देशी गाय होगी। सभी वर्गों के कृषकों को न्यूनतम एक एकड़ भूमि पर प्राकृतिक कृषि करने की अनिवार्य शर्त पर मात्र एक गाय के लिये 900 रुपये प्रतिमाह की अनुदान राशि दी जायेगी। श्री पटेल ने कहा है कि प्राकृतिक कृषि से लोगों को रसायन मुक्त शुद्ध और पौष्टिक खाद्य पदार्थ प्राप्त होंगे।

योजना के लिये मैदानी अमले को किया जा रहा है प्रशिक्षित

अपर मुख्य सचिव किसान-कल्याण तथा कृषि विकास श्री अजीत केसरी ने बताया है कि योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिये 'आत्मा' योजना के शत-प्रतिशत क्षेत्रीय मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्राकृतिक कृषि के लिए पोर्टल/मोबाइल एप भी तैयार कर विभागीय अमले के मार्गदर्शन में प्राकृतिक कृषि करने के इच्छुक किसानों का पंजीयन किया जायेगा। पंजीकृत किसानों में से प्रत्येक विकासखण्ड में 5 प्रगतिशील/अग्रणी कृषकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित कर प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर 'प्राकृतिक प्रेरक' कहलायेंगे। इन्हीं प्राकृतिक प्रेरक द्वारा पोर्टल/मोबाइल एप पर पंजीकृत प्राकृतिक कृषि करने के इच्छुक सभी कृषकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

एसीएस कृषि श्री केसरी ने बताया कि जिला स्तर पर 'आत्मा' के परियोजना संचालक द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। विकासखण्डवार चयनित हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन आत्मा की गवर्निंग बॉडी द्वारा किया जायेगा। योजना की मॉनीटरिंग का कार्य 'मध्यप्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास बोर्ड' में गठित राज्य एवं जिला स्तर की समितियां करेंगी।

सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जनकल्याण के कार्यों को बढ़ाएं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में जन अभियान परिषद ने जिस तरह कोरोना काल में सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवी बंधुओं को एकत्र और संगठित कर उनका समाजहित में लाभ लिया उसी तरह बेटी बचाओ, जल-संरक्षण, हरियाली के विकास, नशा मुक्ति, स्कूल चलें हम अभियान और प्रदेश के ग्रामों और नगरों के गौरव दिवस के कार्यक्रमों के लिए भी परिषद अपने प्रयास बढ़ा सकती है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन अभियान परिषद के नेटवर्क से जुड़ी प्रस्फुटन समितियां और नवांकुर संस्थाएं सामाजिक परिवर्तन की संवाहक हो सकती हैं। इन्हें वृक्षारोपण के कार्य से भी जोड़ा गया है। यह समितियां समाज की बड़ी ताकत हैं। अंकुर अभियान में भी इन समितियों को सक्रिय किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समितियाँ दक्षतापूर्वक कार्य करें, इसके लिए निरंतर मॉनीटरिंग भी की जाए।

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीनेशन के कार्य में जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए समितियां सक्रिय हों। इन समितियों के सदस्य लोगों को प्रिकाशन डोज के महत्व से अवगत करवाएं। श्री चौहान ने परिषद की अन्य गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की।

बताया गया कि मध्यप्रदेश में बुंदेलखंड अंचल के भू-जल संकट से प्रभावित सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले के 9 विकासखंड में जनअभियान परिषद अटल भूजल परियोजना में सहयोग कर रही है। इन जिलों के सागर, पथरिया, छतरपुर, नौगांव, राजनगर, बल्देवगढ़, पलेरा, अजयगढ़ और निवाड़ी जनपद की 667 ग्राम पंचायत में उपलब्ध जल स्रोतों और उनसे लगे क्षेत्रों में जलीय संरचनाओं जैसे चेकडैम, तालाब बंधान, ट्यूबवेल और कुएं जैसे स्रोतों का जियो रेफरेंसिंग और जियो टैगिंग का कार्य किया जा रहा है। परिषद ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए वाटर सिक्यूरिटी प्लान तैयार किया है। सामाजिक सहभागिता से वाटर सिक्यूरिटी प्लान पहले भी तैयार किया जा चुका है। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने प्रदेश में सांख्यिकी आयोग का गठन भी किया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

वास्तविक मछुआरों को आर्थिक लाभ दिलाने का करें प्रयास - मुख्यमंत्री

भोपाल, मछुआरों के कल्याण के लिए प्रारंभ किए गए प्रयास थमना नहीं चाहिए। प्रदेश के जलाशयों में मत्स्य-संपदा उपलब्ध है। मत्स्याखेट से जुड़े पारंपरिक मछुआरों को आर्थिक लाभ के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्हें उत्पाद का अच्छा मूल्य दिलाने के लिए उत्पादों की ब्रान्डिंग का कार्य भी किया जाए। प्रदेश में झींगा उत्पादन भी प्रचुर मात्रा में हो रहा है। इसके विक्रय के लिए बाजार में बेहतर व्यवस्थाएं और झींगा पालकों को उसका फायदा दिलाने के प्रयास किए जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत 29 मई को उनके मछुआरों से संवाद कार्यक्रम में मछुआरों को मत्स्य-पालन और मत्स्याखेट के लिए आवश्यक उपकरण, नवीन तकनीक से निर्मित जाल, आइस बॉक्स सहित मोटर साइकिल प्रदान की गई थी। इससे मछुआरों को अपने कार्य में आसानी के साथ आर्थिक लाभ मिल रहा है। शीघ्र ही भोपाल में राज्य-स्तरीय मछुआ पंचायत होगी। श्री चौहान ने राज्य मछली महाशीर के अलावा रोहू एवं अन्य लोकप्रिय मछली प्रजातियों को अन्य राज्यों के बाजारों तक पहुँचाने के प्रयास करने के निर्देश भी दिए।

अपात्र सदस्यों को हटाया

जानकारी दी गई कि प्रदेश में मछुआरों के स्थान पर बाहरी लोगों द्वारा जलाशयों में प्रबंधन और मत्स्य-पालन पर रोक की कार्रवाई की गई है। कुल 1745 मत्स्य सहकारी समितियों की जांच कर अपात्र लोगों को समितियों से बाहर किया गया है।

मत्स्य-बीज और उत्पादन

बताया गया कि प्रदेश में वार्षिक मत्स्य-बीज उत्पादन 145 करोड़ मानक फ्राई से बढ़ा कर 200 करोड़ मानक फ्राई किए जाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयास किए गए। वर्ष 2020-21 में मत्स्य-बीज उत्पादन में 148 करोड़ मानक फ्राई की उपलब्धि अर्जित की गई है। वर्ष 2021-22 में 171 करोड़ मानक फ्राई की उपलब्धि अर्जित की गई है।

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता अब 10 सितंबर को होगी

भोपाल, प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक पर्यटन बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2022 अब 10 सितंबर को होगी। प्रदेश में अति वर्षा की स्थिति और विद्यार्थियों को सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में यह प्रतियोगिता 24 अगस्त को होना निर्धारित थी। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के सभी 52 जिलों से लगभग 7 हजार 831 स्कूलों ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन कराया है। इसमें लगभग 23 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

प्रतियोगिता को उत्सव का रूप देने और पारदर्शी तरीके से करने सभी जिलों से चयनित क्विज मास्टर्स को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

प्रशिक्षण में क्विज लिखित परीक्षा और मल्टी मीडिया क्विज के आवश्यक पहलुओं को बताया गया है। साथ ही सभी क्विज मास्टर्स को उनके जिले में पंजीयन अनुसार बच्चों के प्रमाण-पत्र, शिक्षक प्रमाण-पत्र, मेडल एवं विजेता-उपविजेता टीमों को प्रदान किये जाने वाले कूपन भी सौंपे गये हैं।

प्रतियोगिता में प्रदेश के शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

बाढ़ प्रभावित गांवों और शहरों में व्यवस्थाएं की जायें पुनर्स्थापित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में बाढ़ से हुई क्षति के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में अधिकांश स्थानों पर बारिश कम हो गई है। अतिवृष्टि और बाढ़ से निर्मित स्थिति नियंत्रण में है। बाढ़ का पानी उतरते ही सभी प्रभावित गांव और शहरों में 48 घंटे में व्यवस्था पुनर्स्थापित की जाए। साफ-सफाई, पेयजल और बिजली आपूर्ति की व्यवस्था बहाल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। राहत और पुनर्वास के कार्य भी तत्काल आरंभ हों। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ से हुई क्षति की व्यवस्थाओं को पुनर्स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार करने के बारे में भोपाल स्थित निवास कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जनता को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए हैं। यह सुनिश्चित करें कि हमारे कार्य से जनता में संतोष का भाव उत्पन्न हो। श्री चौहान ने अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत की त्वरित कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड, ऊर्जा और जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय और कर्तव्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रदेश में कोई जन हानि नहीं हुई। संतोष की बात यह है कि बाढ़ प्रभावित लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। श्री चौहान ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल और बिजली आपूर्ति बहाल करने, क्षतिग्रस्त सड़कों, टूटे पुल-पुलिया सुधारने और स्वच्छता के लिए युद्ध स्तर पर कार्य आरंभ किया जाए। बीमारी नहीं फैले इसके लिए दवा छिड़काव और स्वास्थ्य परीक्षण आदि की व्यवस्था के लिए मेडिकल टीम गठित कर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचायी जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति बहाल करने में मशीनों और आवश्यक अमले की कमी न हो। जरूरत होने पर अन्य जिलों से मशीनें और अमला उपलब्ध कराया जाए। कहीं पर भी संसाधनों की कमी नहीं आनी चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि बाढ़ और अतिवृष्टि से मकानों, घरों के सामान, फसलों और मवेशियों के नुकसान का आकलन संवेदनशीलता के साथ पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करें। नुकसान के आकलन में गरीब परिवारों के प्रति उदारता का दृष्टिकोण रखा जाए। प्रभावितों को आरबीसी 6-4 में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित परिवारों के लिए आगामी कुछ दिनों की भोजन की व्यवस्था भी जिला प्रशासन करे। इसके बाद उन्हें सूखा राशन उपलब्ध कराया जा सकता है। जरूरतमंद लोगों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने और राहत कार्य में समाजसेवी संस्थाओं को भी जोड़ा जाए। श्री चौहान ने कहा कि इस वर्ष असामान्य वर्षा हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से बांधों का निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जल संसाधन विभाग और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण अपने अधीन आने वाले सभी छोटे-बड़े बांधों का सूक्ष्म निरीक्षण कराना सुनिश्चित करें।

कृषि क्षेत्र में हितग्राहीमूलक योजनाओं का अधिकतम किसानों को मिले लाभ

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुये कहा है कि प्राकृतिक कृषि के इच्छुक किसानों के साथ शीघ्र ही संवाद कार्यक्रम होगा। इसमें प्राकृतिक कृषि के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 59 हजार किसानों के पंजीयन और 28 हजार से अधिक किसानों को प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण देने के कार्य को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में नैनो यूरिया, फार्म गेट एक्ट की पहल और कृषि क्षेत्र में उन्नति एप के प्रयोग की भी प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान किसान कल्याण एवं कृषि विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए।

कृषि विविधीकरण में मध्यप्रदेश आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के विविधीकरण के लिए मध्यप्रदेश में दो परियोजनाओं की स्वीकृति एक राष्ट्रीय उपलब्धि है। श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान में आईटीसी द्वारा औषधीय अश्वगंधा और तुलसी के 4500 एकड़ क्षेत्र में उत्पादन के साथ ही ग्रीन एंड ग्रेस का जैविक सब्जियों और अनाज का 1235 एकड़ में उत्पादन कार्य प्रारंभ हो गया है। चार अन्य परियोजनाओं पर परीक्षण की कार्यवाई चल रही है। इनमें विदिशा जिले में हरी मटर और धनिया, रीवा, सतना, ग्वालियर, देवास, इंदौर, उज्जैन और शाजापुर में आलू उत्पादन, देवास में बांस उत्पादन और सीहोर एवं छिंदवाड़ा में संतरा और अमरूद का उत्पादन भी बढ़ाने का प्रयास है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विविधीकरण में मध्यप्रदेश में किए गए ठोस प्रयास जारी रखे जाएं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 3 साल में सरसों का उत्पादन दोगुना हो गया है। वर्तमान में 12 लाख 33 हजार हेक्टेयर में सरसों का उत्पादन हो रहा है।

मध्यप्रदेश में मिलेट मिशन में प्रयास बढ़ाए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सप्ताह में एक दिन आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को और मध्यान्ह भोजन में विद्यार्थियों को मोटे अनाज जैसे कोदो-कुटकी के वितरण से आमजन भी मोटे अनाज के महत्व से परिचित होगा। मोटे अनाज का पोषण की दृष्टि से अधिक महत्व है। बताया गया कि गेहूं के निर्यात के साथ अन्य उत्पादों के निर्यात के प्रयास भी बढ़ाए जा रहे हैं। प्रदेश में वर्तमान में 116 एफपीओ कार्यरत हैं। कृषि अवसंरचना निधि के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश अग्रणी है। बैंकों ने अब तक 3422 आवेदन सत्यापित कर 1878 करोड़ रुपये की राशि वितरित की है। प्रदेश में यूरिया, डीएपी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में तरल अर्थात नैनो यूरिया को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इफको के सहयोग से यह कार्य हो रहा है। प्रदेश के कुछ जिलों में ड्रोन से करीब एक हजार एकड़ कृषि क्षेत्र में नैनो तरल यूरिया के छिड़काव का अभिनव प्रयोग किया गया। करीब 400 किसानों द्वारा इसे अपनाया गया। खरीफ 2022 में अब तक 6 लाख 7 हजार बोतल से अधिक नैनो तरल यूरिया का विक्रय किसानों को किया गया है। रबी 2021-22 में 16 लाख 11 हजार लाख बोतल नैनो तरल यूरिया का विक्रय किसानों को किया गया। इसका प्रचार निरंतर बढ़ रहा है। विक्रेता, समितियों के सदस्य और कृषि विभाग के माध्यम से यह प्रयास किए जा रहे हैं।

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र में संपन्न कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मानते हुए इन कार्यों को देश में स्थापित करने के लिए भी प्रयास करने को कहा। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव श्री अजीत केसरी, श्री शैलेंद्र सिंह और विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

आशीष धवन

बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में नियुक्त

कन्वर्जेंस फाउंडेशन के फाउंडर और सीईओ आशीष धवन को बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन अपने बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में नियुक्त करेगा। इनके साथ ही अमेरिका के स्पेलमैन कॉलेज की अध्यक्ष डॉक्टर हेलेन डी. गेल को भी फाउंडेशन के न्यासी बोर्ड में शामिल किया जाएगा। कन्वर्जेंस फाउंडेशन के सीईओ होने के अलावा आशीष अशोका विश्वविद्यालय और सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं। यह फाउंडेशन बच्चों के एजुकेशन की क्वालिटी में सुधार के लिए काम करता है। वहीं डॉक्टर हेलेन डी. गेल शिकागो कम्युनिटी ट्रस्ट की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रह चुकी हैं।

महाराष्ट्र में

दही हांडी को मिलेगा साहसिक खेल का दर्जा

महाराष्ट्र में दही हांडी को साहसिक खेल का दर्जा मिलेगा। साथ ही इसमें हिस्सा लेने वाले गोविंदाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण भी दिया जाएगा। उत्सव के दौरान प्रतिभागी की मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल होने वाले खिलाड़ी को सात लाख रुपये तथा मामूली रूप से घायल होने पर पांच लाख रुपये दिये जाएंगे। इस बात की घोषणा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने की है। बता दें, दही हांडी प्रतियोगिता में हवा में लटकी और दही से भरी मटकी को मानव पिरामिड बनाकर फोड़ा जाता है। यह उत्सव जन्माष्टमी के अवसर पर महाराष्ट्र के साथ-साथ देश भर में आयोजित होता है।

मुंबई में

पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर एयर कंडीशनर बस शुरू

मुंबई में देश की पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर एयर कंडीशनर बस शुरू हो गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने हरी झंडी दिखा कर इसकी शुरुआत की। स्विच मोबिलिटी द्वारा यह इलेक्ट्रिक बस पुराने जमाने में चलने वाली डबल डेकर बस के डिजाइन में बनाई गई है। इसमें नई सेफ्टी स्टैंडर्ड लगाए गए हैं। इस बस में एक बार में 90 पैसेंजर बैठ सकेंगे। बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई और ट्रांसपोर्ट ने करीब 900 इलेक्ट्रिक बसों की सप्लाई के लिए कंपनी से समझौता भी किया है।

अनुज पोद्दार

बजाज इलेक्ट्रिकल्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नियुक्त

बजाज इलेक्ट्रिकल्स के कार्यकारी निदेशक अनुज पोद्दार कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए गए हैं। कंपनी ने चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के पद को अलग-अलग कर दिया है। कंपनी के अनुसार चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के पदों को अलग करने का फैसला कंपनी प्रबंधन को पेशेवर बनाने के लिए उठाया गया है। बता दें, संरक्षक शेखर बजाज कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन बने रहेंगे। बजाज इलेक्ट्रिकल्स का वित्त वर्ष 2021-22 में कारोबार 4,813 करोड़ रुपये रहा था।

बेंगलुरु में

एसबीआई ने खोली स्टार्टअप को समर्पित पहली ब्रांच

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने स्टार्टअप के लिए समर्पित अपनी पहली ब्रांच बेंगलुरु में खोली है। एसबीआई के अनुसार यह ब्रांच शेयर बाजारों में लिस्टिंग होने तक स्टार्टअप कंपनियों की स्थापना के शुरुआती चरण में उद्यमियों को वित्तीय सहायता देगी। 'एसबीआई स्टार्टअप शाखा' कर्नाटक में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए कर्नाटक सरकार और एसबीआई के बीच हुए एक समझौते के तहत खोली गई है। यह ब्रांच उद्यमियों को उनके सपने साकार करने के लिए हर तरह की सुविधा प्रदान करेगी।

वैज्ञानिकों ने

3-डी प्रिंटेड कॉर्निया बनाया

भारतीय शोधकर्ताओं ने कृत्रिम कॉर्निया को सफलतापूर्वक 3डी प्रिंट किया है और इसे खरगोश की आंख में प्रत्यारोपित किया। हैदराबाद स्थित एल वी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी-हैदराबाद और सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के शोधकर्ताओं ने यह 3 डी-मुद्रित कॉर्निया विकसित किया है। इस कॉर्निया को पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार का सिंथेटिक कंपोनेंट नहीं है।

विक्रम दोराईस्वामी

ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त होंगे

विक्रम दोराईस्वामी को ब्रिटेन में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। वह जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। विक्रम दोराईस्वामी 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं और वर्तमान में बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें मई 1994 में हांगकांग में भारतीय दूतावास में तीसरा सचिव नियुक्त किया गया था। साल 1996 में उन्हें बीजिंग में भारतीय दूतावास में नियुक्त किया गया। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में कार्य किया है।

राजेश वर्मा

राष्ट्रपति के सचिव नियुक्त

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेश वर्मा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार कॉरपोरेट मामलों के सचिव राजेश वर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्मा ओडिशा कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने कपिल देव त्रिपाठी के स्थान पर भारत के राष्ट्रपति के सचिव के रूप में वर्मा की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

देवाशीष मोहंती

राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के निदेशक नियुक्त

वरिष्ठ वैज्ञानिक देवाशीष मोहंती को राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (एनआईआई) का निदेशक नियुक्त किया गया। मोहंती वर्तमान में एनआईआई में स्टाफ वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने डॉ. देवाशीष मोहंती को एनआईआई का निदेशक नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। वह इस पद पर कार्यभार संभालने की तिथि से सेवानिवृत्ति की आयु तक काम करेंगे।

बिहार के

मिथिला मखाने को मिला जीआई टैग

बिहार के मिथिला मखाना को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग दिया गया है। यह बिहार का पांचवां उत्पाद है, जिसे जीआई टैग मिला है। इससे पहले भागलपुर के जरदालू आम, कतरनी धान (चावल), नवादा के मगही पान और मुजफ्फरपुर की शाही लीची को जीआई टैग मिल चुका है। बिहार का मिथिला क्षेत्र मखाने की खेती के लिए प्रसिद्ध है। काफी समय से यहां के किसान इसकी मांग कर रहे थे। मिथिला मखाना स्थानीय रूप से मिथिला में माखन के रूप में जाना जाता है।

दादाभाई नौरोजी के

लंदन स्थित मकान को मिला ब्लू प्लैक सम्मान

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सदस्य रहे और ब्रिटेन के पहले भारतीय सांसद दादाभाई नौरोजी के लंदन स्थित मकान को 'ब्लू प्लैक' सम्मान दिया गया है। 'इंग्लिश हैरिटेज' चैरिटी की योजना 'ब्लू प्लैक' लंदन की ऐतिहासिक महत्व की इमारतों को दिया जाने वाला एक सम्मान है। नौरोजी 19वीं सदी के अंत में करीब आठ वर्षों तक लंदन के इस घर में रहे थे। लाल रंग की ईंटों से बने इस घर के बाहर एक पट्टिका लगी है, जिस पर लिखा है दादाभाई नौरोजी 1825-1917 भारतीय राष्ट्रवादी और सांसद यहां रहे थे। नौरोजी ने लंदन में अपनी जिंदगी के तीन दशक से अधिक का वक्त गुजारा है।

आईएएस पीयूष गोयल

नेटग्रिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

नगालैंड कैडर के 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी पीयूष गोयल को नेटग्रिड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। गोयल अभी गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। नेटग्रिड या राष्ट्रीय ग्रिड भारत की आतंकवाद रोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए स्थापित एक संघीय खुफिया संगठन है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी आशीष गुप्ता को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में अतिरिक्त महानिदेशक नियुक्त किए जाने के बाद से नेटग्रिड के सीईओ का पद खाली था।

फहमीदा अज़ीम

पुलित्जर पुरस्कार के लिए चुनी गईं

बांग्लादेश मूल की चित्रकार और कहानीकार फहमीदा अज़ीम को 2022 के पुलित्जर पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह पुरस्कार चित्रकार व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग और कमेंट्री की श्रेणी में दिया जायेगा। अमेरिका की ऑनलाइन पत्रिका 'इनसाइडर' के लिए चार पत्रकारों - एंथनी डेल कर्नल, जोश एडम्स और वॉल्ट हिक्की सहित फहमीदा अज़ीम को चीन में उइगरों के उत्पीड़न पर काम करने के लिए चुना गया है। फहमीदा अजीम का जन्म बांग्लादेश में हुआ था और वे अमेरिका में बस गईं। उनकी कलाकृतियां एनपीआर, ग्लैमर, साइंटिफिक अमेरिकन, द इंटरसेप्ट, वाइस, द न्यूयॉर्क टाइम्स जैसी कई अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं।

अमित बर्मन

डाबर के चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा

डाबर इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन अमित बर्मन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी के नॉन एग्जीक्यूटिव वाइस-चेयरमैन मोहित बर्मन ने उनकी जगह ले ली है। इस पद पर आगामी पांच साल के लिए उन्हें नियुक्त किया गया है। फिलहाल अमित बर्मन भी बतौर नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कंपनी के साथ जुड़े रहेंगे। अमित बर्मन 1999 में डाबर फूड्स के सीईओ बने थे। जुलाई 2007 में डाबर इंडिया लिमिटेड के साथ विलय होने के बाद वह इस नई कंपनी के वाइस चेयरमैन बने और साल 2019 से वह बतौर चेयरमैन कंपनी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

अल्केश कुमार शर्मा

इंटरनेट गवर्नेंस फोरम लीडरशिप पैनल में नियुक्त

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में सचिव अल्केश कुमार शर्मा को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपने इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईजीएफ) लीडरशिप पैनल में नियुक्त किया है। अल्केश कुमार दुनियाभर के उन दस प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक हैं जिन्हें इस पैनल में जगह दी गई है। यह पैनल इंटरनेट के रणनीतिक और जरूरी मुद्दों से निपटने व आईजीएफ को रणनीतिक सलाह प्रदान करने की भूमिका निभाएगा। अल्केश शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के साथ शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय परियोजना निदेशक के रूप में भी काम किया है।

भारत

सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति की बैठक की मेजबानी करेगा

भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) के अध्यक्ष के रूप में 28-29 अक्टूबर को मुंबई और नई दिल्ली में एक विशेष बैठक की मेजबानी करेगा। इस बैठक का उद्देश्य आतंकवादियों द्वारा नयी तकनीकों का इस्तेमाल किए जाने पर प्रकाश डालना और इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के रास्ते तलाशना है। बता दें, भारत फिलहाल सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति का अध्यक्ष है। अक्टूबर में आयोजित होने वाली इस विशेष बैठक में अमेरिका, चीन और रूस सहित संयुक्त राष्ट्र के 15 देशों के राजनयिक शामिल होंगे।

स्मृति शेष

फिल्म निर्माता अब्दुल गफ्फार नाडियाडवाला का निधन

फिल्म निर्माता अब्दुल गफ्फार नाडियाडवाला का 91 साल की उम्र में निधन हो गया। अब्दुल गफ्फार नाडियाडवाला ने 1965 में बनी फिल्म 'महाभारत' से लेकर 2000 के दशक में बनी कॉमेडी फिल्मों 'हेरा फेरी' और 'वेलकम' तक 50 से ज्यादा हिन्दी फिल्मों का निर्माण किया है। उन्होंने अपनी 'फिल्म प्रोडक्शन और मीडिया एंटरटेनमेंट' कंपनी 1953 में शुरू की थी।

झारखंड के पूर्व राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी का निधन

झारखंड के पूर्व राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी का लखनऊ में निधन हो गया। वह 83 साल के थे। सैयद सिब्ते रजी का जन्म 7 मार्च 1939 को उत्तर प्रदेश के रायबरेली में हुआ था। वह तीन बार राज्यसभा सदस्य के रूप में चुने गए। पहली बार 1980 से 1985 तक, दूसरी बार 1988 से 1992 तक और तीसरी बार 1992 से 1998 तक राज्यसभा सांसद रहे। वे वर्ष 2004 से 2009 तक झारखंड के राज्यपाल के पद पर रहे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड शाजापुर
ओल्ड कलेक्टर रोड कमला भवन, जिला शाजापुर

दूरभाष कार्या. : (07364) 292065, मो.नं. : 9165607999, ई-मेल : eephedshj@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 48 to 56/2022-23/लेखा/कायं./लोस्वायां./2022 शाजापुर, दिनांक : 18.08.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा टेण्डर अर्पेडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	निविदा विज्ञप्ति क्रमांक	अनुमानित लागत रु. लाखों में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य
शाजापुर जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत योजना के सम्पूर्ण कार्य।				
217173	48	221.70	221700/-	15000/-
217175	49	309.90	309900/-	15000/-
217176	50	172.11	172110/-	15000/-
217180	51	376.53	376530/-	15000/-
217181	52	443.93	443930/-	15000/-
217182	53	250.49	250490/-	15000/-
217183	54	380.14	380140/-	15000/-
217184	55	438.99	438990/-	15000/-
217185	56	205.15	205200/-	15000/-
		2798.94 लाख (शब्दों में रु. सत्ताईस करोड़ अन्ठानवे लाख चौरानवे हजार)	2698990/- (शब्दों में रु. छब्बीस लाख अन्ठानवे हजार नौ सौ नब्बे केवल)	130000/- (शब्दों में रु. एक लाख तीस हजार)

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 02.09.2022 सायं 05:30 बजे तक** निर्धारित है। विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेबसाइट पर देख जा सकता है, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-15828/47443/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शाजापुर**

स्कूल शिक्षा विभाग
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (म.प्र.)
राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

दूरभाष (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95, फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक/रा.शि.के./NTSE-NMMSS/2022/1110 भोपाल, दिनांक : 18.08.2022

विज्ञापन
राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति हेतु चयन परीक्षा 2022-2023 (NMMSS)
(मध्यप्रदेश राज्य में स्थित केवल शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त/स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में वर्ष 2022-23 में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2008 में प्रारंभ की गई है। म.प्र. राज्य के लिए निर्धारित छात्रवृत्तियों हेतु चयन परीक्षा 2022-23 दिनांक 06.11.2022 को आयोजित की जा रही है। चयनित विद्यार्थियों को प्रति वर्ष प्रति विद्यार्थी रुपये 12000/- के मान से कक्षा 9वीं से 12वीं तक छात्रवृत्ति दी जाती है। नियमित छात्रवृत्ति हेतु कक्षा 9वीं एवं 11वीं मे न्यूनतम 55 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक छात्रवृत्ति निरंतर जारी रहने हेतु प्राप्त करना अनिवार्य है। यह छात्रवृत्ति केवल शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकायों के विद्यालयों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए है।

1. **पात्रता** - म.प्र. राज्य में स्थित केवल शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त/स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में वर्ष 2022-23 में कक्षा 8वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी ही इस परीक्षा हेतु पात्र होंगे, जिन्होंने कक्षा 7 में कम से कम 'C' ग्रेड प्राप्त किया है एवं जिनके अभिभावकों की सकल वार्षिक आय 3.50 लाख (रु. तीन लाख पचास हजार मात्र) से अधिक नहीं है।
2. **पाठ्यक्रम** - इस परीक्षा हेतु कोई निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है। प्रश्नों का स्तर कक्षा 7वीं एवं 8वीं की परीक्षा के समान होगा।
3. **परीक्षा शुल्क** - परीक्षा के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
4. **परीक्षा का माध्यम** - परीक्षा का माध्यम हिन्दी अथवा अंग्रेजी होगा।
5. **आरक्षण** - म.प्र. राज्य द्वारा निर्धारित कोटा अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एव निःशक्त विद्यार्थियों हेतु जिलेवार आरक्षण का प्रावधान होगा।
6. **परीक्षा का विवरण** -
   परीक्षा दिनांक व दिन - 06.11.2022 (रविवार)
   परीक्षा शुल्क - निःशुल्क
   परीक्षा का समय - प्रातः 10:45 से 12:30 तक (MAT हेतु)
   दोपहर 12:30 से 2:15 तक (SAT हेतु)

परीक्षा	अवधि	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अर्हता अंक	
				सामान्य वर्ग	अ.जा./अ.ज.जा./ निःशक्त वर्ग
मानसिक योग्यता परीक्षण (MAT)	90 मिनट	90	90	40% अर्थात् 72 अंक	32% अर्थात् 58 अंक
शैक्षिक योग्यता परीक्षण (MAT)	90 मिनट	90	90		

नोट - दोनों प्रश्न पत्रों के बीच विद्यार्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

- मानसिक योग्यता के अंतर्गत कुल 90 प्रश्नों में से प्रश्न समजातता, वर्गीकरण, श्रृंखला आकृति, अवबोधन, छुपी हुई आकृतियों, कोडन विकोडन खंड समुच्चय समस्या सुलझाने आदि पर आधारित होंगे।
- शैक्षिक योग्यता के अंतर्गत कुल 90 प्रश्नों में से 35 प्रश्न विज्ञान के, 35 प्रश्न सामाजिक विज्ञान के तथा गणित विषय के 20 प्रश्न होंगे।

7. **इस परीक्षा हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी प्रकार मैन्युअल अथवा डाक द्वारा भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
   7.1 जाति प्रमाण पत्र एवं निःशक्तता प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अन्यथा आवेदक को सामान्य श्रेणी का माना जायेगा।
   7.2 आय प्रमाण पत्र हेतु सकल वार्षिक आय का शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप में संलग्न करना अनिवार्य है जिसका प्रारूप नियम पुस्तिका के साथ संलग्न है।
   7.3 आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया एवं प्रवेश पत्र की प्राप्ति की लिंक राज्य शिक्षा केन्द्र की वेबसाइट पर अवगत करा दी जायेगी।
8. **पुनःपरीक्षण/पुनर्मूल्यांकन** - इस परीक्षा हेतु पुनःपरीक्षण/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है।
9. **यात्रा भत्ता** - परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र तक आने-जाने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि नहीं दिया जाएगा।
10. **महत्वपूर्ण निर्देश**
    10.1 परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचें।
    10.2 परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार की किताब या कॉपी, सेल्युलर, मोबाइल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, नकल पर्चा किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक यंत्र आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
    10.3 सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे।
    10.4 इस परीक्षा हेतु कोई ऋणात्मक अंक नहीं है।
    10.5 उत्तरशीट परीक्षा उपरांत पर्यवेक्षक के पास अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे।
    10.6 परीक्षा हॉल में ले जाने हेतु आवश्यक सामग्री प्रवेश पत्र केवल काला/नीला बॉल पाइंट पेन (जेल पेन का उपयोग मान्य नहीं होगा)।

संचालक

जी-15815/47441/2022 **राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा - 2020
चयन - सूची
पदनाम - उप पुलिस अधीक्षक (एम.टी.)

क्रमांक-5964/07/2022/चयन इन्दौर, दिनांक : 18.08.2022

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 05/2020 दिनांक 29.12.2020 एवं समय-समय पर जारी शुद्धि पत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में निम्नांकित तालिका में दर्शित पद विज्ञापित किये गये हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए, **राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2020** के अंतर्गत दिनांक 14.11.2021 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई। आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 28.01.2022 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में, गृह विभाग के अंतर्गत पदनाम - उप पुलिस अधीक्षक - (एम.टी.) हेतु अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार दिनांक 18.08.2022 को आयोजित किये जाने के परिणामस्वरूप, लिखित परीक्षा + साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार चयन सूची घोषित की जाती है :

1. उप पुलिस अधीक्षक (एम.टी.) (गृह विभाग)

पद विवरण तालिका

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	1	0	0	0	0	1

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1.	114027	HARSH SHARMA	M	UNR	UNR

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1.	113815	AYUSH AGRAWAL	M	UNR

टीप :-

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिये निर्देशों के तहत् अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत् आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किये बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।
2. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

सचिव

जी-15832/47444/2022 **म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-918/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 18.08.2022

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.09.2022 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD_217187	**टर्न की पद्धति पर** : एकपनिया तालाब का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	सीहोर	540.53
2.	2022_WRD_217190	**टर्न की पद्धति पर** :- शिवना नदी पर हरचंदी वियर (नहर रहित) का निर्माण विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	मंदसौर	601.42
3.	2022_WRD_217194	एस.डी.एम.एफ. अंतर्गत जामन्या तालाब के नहर की रीसेक्शनिंग एवं सी.सी. लाईनिंग का निर्माण कार्य।	हरदा	53.11
4.	2022_WRD_217202	**टर्न की आधार पर** :- मानपुर जलाशय योजना का निर्माण कार्य एवं नहर (लाइनिंग) सहित विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	बालाघाट	769.08
5.	2022_WRD_217204	बाघननारा जलाशय योजना का बांध एवं नहर का शेष कार्य।	उमरिया	104.38
6.	2022_WRD_217214	**टर्न की पद्धति पर** :- दरगंवा लघु जलाशय की मुख्य नहर एवं उसकी उप नहरों का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	विदिशा	193.51
7.	2022_WRD_217216	विशेष मरम्मत मद के अंतर्गत तिघरा जलाशय में पानी के नीचे पोइंटिंग का कार्य 10 वर्षों के लिए प्रबंधन संचालन एवं रखरखाव सहित।	ग्वालियर	635.22
8.	2022_WRD_217221	दतिया जिले के अंतर्गत प्रतिशत दरों पर अंगूरी बैराज के कैचमेंट में पिसनारी गांव के पास सस्पेंशन ब्रिज का मरम्मत एवं सुधार कार्य।	दतिया	28.30
9.	2022_WRD_217227	**टर्न की पद्धति पर** :- सतधारा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	सतना	177.92
10.	2022_WRD_217229	**टर्न की पद्धति पर** :- भैंसवार फीडर योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	सतना	245.15

जी-15822/47442/2022 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

स्वदेशी सुरक्षा प्रणालियों से लैस हो रही भारतीय सेना

देश की सुरक्षा प्रणालियों को स्वदेशी रूप से उच्च स्तर का बनाने के लिए तेजी से काम हो रहा है। आए दिन आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सेनाओं के लिए आवश्यक उपकरण विकसित किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार विशेष रूप से रक्षा उपकरणों को लगातार अपग्रेड करने पर ध्यान दे रही है। हाल ही में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए की गई पहलों के तहत विकसित स्वदेशी उपकरण एवं सिस्टम भारतीय सेना को सौंपे हैं। इनमें फ्यूचर इन्फैंट्री सोल्जर एज ए सिस्टम, नई पीढ़ी की एंटी-पर्सनेल माइन 'निपुण', उन्नत क्षमताओं के साथ रुग्ड एवं स्वचालित संचार प्रणाली, टैंकों के लिए अपग्रेडेड साइट सिस्टम एवं उन्नत थर्मल इमेजर शामिल हैं। भारतीय सेना द्वारा संयुक्त रूप से रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और उद्योग जगत के सहयोग से सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित किया गया है। 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के अंतर्गत विकसित इन उपकरण और प्रणालियों से देश की सेना को भविष्य की चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। ये हथियार बढ़ाएंगे सेना की ताकत।

फ्यूचर इन्फैंट्री सोल्जर

फ्यूचर इन्फैंट्री सोल्जर को तीन प्राइमरी सब सिस्टम से लैस किया जा रहा है। पहला सब सिस्टम दिन और रात के होलोग्राफिक और रिफ्लेक्स साइट के साथ आधुनिक अत्याधुनिक असॉल्ट राइफल है। सैन्य अभियानों की स्थितियों में 360-डिग्री दृश्यता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए हथियार और हेलमेट पर भी साइट्स लगाई जाती है। प्राथमिक हथियार प्रणाली के अलावा सैनिकों को मल्टी-मोड हैंड ग्रेनेड भी दिया जाएगा, जिसे मल्टीपरपज नाइफ के साथ स्वदेशी रूप से खरीदा गया है। दूसरी उप प्रणाली सुरक्षा प्रणाली है। यह विशेष रूप से डिजाइन किए गए हेलमेट और बुलेट प्रूफ जैकेट के माध्यम से सुरक्षा प्रदान करती है। तीसरी उप प्रणाली में संचार और निगरानी प्रणाली शामिल है। यह एफ-इंसास प्रणाली रियल टाइम डेटा कनेक्टिविटी को शामिल करके और अपग्रेड करने में सक्षम है।

एन्टी-पर्सनेल माइन 'निपुण'

भारतीय सेना लंबे समय से विंटेज एनएमएम 14 माइंस का इस्तेमाल कर रही है। आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, पुणे और भारतीय उद्योग के प्रयासों से 'निपुण' नामक एक नई भारतीय माइन विकसित की गई है। यह सीमाओं पर सैनिकों को प्रदान की जाने वाली सुरक्षा को बढ़ाएगी। यह माइन मौजूदा एंटी-पर्सनेल माइन की तुलना में अधिक शक्तिशाली एवं प्रभावी है।

हैंड हेल्ड थर्मल इमेजर

यह उपकरण निगरानी करने एवं पता लगाने के लिए है। यह दिन और रात दोनों में तथा प्रतिकूल मौसम की स्थिति में सैनिकों को दुश्मन की गतिविधियों का पता लगाने के लिए दृश्यता प्रदान करता है।

टी-90 टैंक के लिए कमांडर थर्मल इमेजिंग साइट

यह उपकरण बख्तरबंद कॉलम के कमांडरों को बढ़ी हुई दृश्यता और रेंज प्रदान करता है। इससे पहले टी-90 टैंक में इमेज इंटेंसिफिकेशन सिस्टम था, जिसकी अपनी सीमाएं एवं बाधाएं थीं। इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड द्वारा उत्पादित थर्मल इमेजिंग साइट के उपयोग से उन बाधाओं और सीमाओं को दूर किया गया है।

रिकॉर्डिंग सुविधा के साथ डाउनलिंक उपकरण

यह डाउनलिंक उपकरण हेलीकॉप्टरों को सीमाओं और सैन्य अभियान वाले क्षेत्रों की निरंतर टोही और निगरानी करने में मदद करता है। मिशन पर रहते हुए देखे गए टोही डेटा को सिस्टम में दर्ज किया जाता है और इसे तभी एक्सेस किया जा सकता है, जब हेलीकॉप्टर बेस पर वापस आ जाए। मेसर्स एक्ज़िकॉम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से उत्पादित उपकरण उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर पर फिट किया गया है।

सेमी रग्डाइज्ड ऑटोमेटिक एक्सचेंज सिस्टम एमके-II

भारतीय सेना के पास एक्सचेंज थे जो सक्रिय रूप से तैनात यूनिट्स को लाइन कम्युनिकेशंस प्रदान करते थे। हालांकि ग्राहकों की संख्या और भेजे जा रहे डाटा की मात्रा के संदर्भ में लिमिट थी। साथ ही उपकरण नई इंटरनेट प्रोटोकॉल तकनीक के साथ काम नहीं कर सके। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा एक नई प्रणाली विकसित की गई है जो पुरानी प्रणाली की सभी कमियों को दूर करती है।

उन्नत रेडियो रिले (फ्रीक्वेंसी होपिंग)

चुनौतीपूर्ण अग्रिम क्षेत्रों में जहां कोई लाइन या संचार के अन्य तरीके उपलब्ध नहीं हैं, भारतीय सेना अपनी संचार प्रणाली का विस्तार कर रही है। इस रेडियो रिले प्रणाली के साथ आगे के सैनिक अपने संचार उपकरण और रेडियो सेट को अधिक लंबी दूरी पर और अब तक की तुलना में अधिक गहराई में संचालित करने की स्थिति में हैं। यह फ्रीक्वेंसी होपिंग तकनीक और बहुत उच्च क्षमता वाली एक उन्नत प्रणाली है। इसे भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु द्वारा विकसित किया गया है।

सौर फोटोवोल्टिक ऊर्जा परियोजना

देश के सबसे चुनौतीपूर्ण इलाके और सैन्य क्षेत्रों में से एक सियाचिन ग्लेशियर है। विभिन्न उपकरणों को संचालित करने के लिए क्षेत्र में बिजली की पूरी आवश्यकता केवल कैप्टिव जनरेटर आपूर्ति के माध्यम से पूरी की जाती थी। समग्र ऊर्जा आवश्यकताओं में सुधार और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने के लिए एक सौर फोटो-वोल्टाइक संयंत्र स्थापित किया गया है। परतापुर का यह संयंत्र वर्चुअल तरीके से रक्षा मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट (एलसीए)

पैंगोंग त्सो झील में नावें हैं, हालांकि उनकी क्षमताएं सीमित हैं। एलसीए एक से अधिक भूमिकाएं निभाने में सक्षम है और इसने लॉन्च, गति और क्षमता से संबंधित सीमाओं को पार कर लिया है। इसने पूर्वी लद्दाख में पानी की बाधाओं को पार करने की क्षमता को बढ़ाया है। एलसीए को मेसर्स एक्वेरियस शिपयार्ड लिमिटेड, गोवा द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

मिनी रिमोटली पायलेटेड एरियल सिस्टम (आरपीएएस)

आरपीएएस सामरिक स्तर पर भारतीय वायुसेना के विमान और हेरॉन मानव रहित हवाई वाहनों द्वारा सामना की जाने वाली ऑपरेशनल सीमाओं को हटा देता है। यह पैदल सेना बटालियन और मशीनीकृत इकाइयों के स्तर पर निगरानी, पहचान और टोही की प्रतिबंधित क्षमता को हटाकर भारतीय सेना को सशक्त बनाता है।

इन्फैंट्री प्रोटेक्टेड मोबिलिटी व्हीकल (आईपीएमवी)

आईपीएमवी उत्तरी सीमाओं पर तैनात बड़ी संख्या में इन्फैंट्री सैनिकों को गतिशीलता और अधिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसे मेसर्स टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड द्वारा बनाया गया है।

क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल (मीडियम)

पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिकों की गतिशीलता बढ़ाने के लिए इन्फैंट्री मोबिलिटी प्रोटेक्टेड व्हीकल के साथ दूसरा वाहन क्विक रिएक्शन फाइटिंग व्हीकल (मीडियम) है। यह सैनिकों की त्वरित तैनाती की सुविधा प्रदान करता है और बहुत तेज प्रतिक्रिया को कामयाब बनाएगा। वाहन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से खरीदे गए हैं। ये उच्च गतिशीलता, उन्नत मारक क्षमता और सुरक्षा वाले वाहन हैं। यह हमारी उत्तरी सीमाओं में नैतिक प्रभुत्व निर्मित करने में मदद करेगा।

सेना की दक्षता में होगी वृद्धि

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का कहना है कि यह उपकरण एवं प्रणालियां भारतीय सेना की अभियानगत तैयारियों को बढ़ाएंगी और उनकी दक्षता में वृद्धि करेंगी। उन्होंने कहा कि यह निजी क्षेत्र और अन्य संस्थानों के साथ साझेदारी में देश की बढ़ते आत्मनिर्भरता कौशल का एक शानदार उदाहरण है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि सशस्त्र बलों की ढांचागत जरूरतें बदलते समय के साथ लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने सशस्त्र बलों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहने में मदद करने के लिए नवीनतम तकनीक पर आधारित ढांचागत विकास का आह्वान किया।

मलेशिया में HAL का ऑफिस

भारत का रक्षा क्षेत्र दिनों-दिन मजबूत होता जा रहा है, जहां भारत अपनी रक्षा के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों और उपकरणों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, वहीं इनके निर्यात पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के प्रयास से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को साकार करते हुए भारतीय रक्षा उद्योग अब दुनिया के देशों को निर्यात करने के लिए तैयार है। रक्षा निर्यात में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) एलसीए तेजस के लिए पहला विदेशी कार्यालय मलेशिया में खोलेगा। मलेशिया के कुआलालंपुर में एचएएल का यह कार्यालय न केवल मलेशिया में बल्कि पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में एचएएल के उत्पादों और सेवाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। एचएएल अपनी तकनीकी दक्षता के लिए प्रसिद्ध है। रूसी मूल के सुखोई-30 विमान के सबसे बड़े उत्पादक में से एक होने के नाते एचएएल के पास सुखोई-30 एमकेएम बेड़े के लिए रॉयल मलेशियाई वायु सेना (RMAF) को आवश्यक समर्थन देने की क्षमता है। मलेशियाई सी हॉक हेलीकॉप्टर बेड़े के अपग्रेडेशन के लिए एचएएल रॉयल मलेशियाई वायु सेना का समर्थन कर सकता है। इसके अलावा एचएएल के अन्य प्लेटफॉर्म जैसे एचटीटी-40, डोर्नियर-228, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) आदि भविष्य में RMAF के बेड़े में शामिल किए जाने की संभावना है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में भारत के लिए पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं?**
(अ) संकेत सरगर
(ब) मीराबाई चानू
(स) जेरेमी लालरिननुंगा
(द) विकास ठाकुर

2. **जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में किस देश के खिलाफ हैट्रिक बनाई है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) इंग्लैंड
(स) श्रीलंका (द) वेस्टइंडीज

3. **फाइनलिसिमा ट्रॉफी का संबंध किस खेल से है?**
(अ) फुटबॉल (ब) बेसबॉल
(स) टेनिस (द) आइस हॉकी

4. **इस वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल वर्ग की विजेता बनी हैं?**
(अ) ईगा स्वितेक
(ब) एश्ले बार्टी
(स) कोको गॉफ
(द) नाओमी ओसाका

5. **आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप का पहला संस्करण किस देश ने जीता था?**
(अ) भारत (ब) श्रीलंका
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) इंग्लैंड

6. **इनमें से कौन-सा देश वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले फीफा वर्ल्डकप का सह मेजबान नहीं होगा?**
(अ) अमेरिका (ब) कनाडा
(स) मैक्सिको (द) ब्राजील

7. **इनमें से कौन-सा भारतीय खिलाड़ी बैडमिंटन से संबंधित नहीं है?**
(अ) लक्ष्य सेन
(ब) किदांबी श्रीकांत
(स) अचंत शरत कमल
(द) चिराग शेट्टी

8. **नीरज चौपड़ा ने इस वर्ष डायमंड लीग में कौन-सा पदक जीता है?**
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

9. **कार्लोस सेंज किस देश के दिग्गज फॉर्मूला-वन रेसर हैं?**
(अ) स्पेन (ब) पुर्तगाल
(स) हंगरी (द) आयरलैंड

10. **एलिना वेस्नीना टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) पोलैंड
(ब) रूस
(स) चेक रिपब्लिक
(द) स्लोवाकिया

11. **बुंदेसलीगा किस यूरोपियन देश की एक लोकप्रिय फुटबॉल लीग है?**
(अ) जर्मनी (ब) इटली
(स) फ्रांस (द) क्रोएशिया

12. **वर्ष 2022 में किस देश ने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) भारत (ब) जापान
(स) उत्तर कोरिया (द) द. कोरिया

13. **किस पुरुष टेनिस खिलाड़ी के नाम सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम जीतने का रिकॉर्ड है?**
(अ) रोजर फेडरर
(ब) पीट सैम्प्रास
(स) राफेल नडाल
(द) नोवाक जोकोविच

14. **आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर हैं?**
(अ) कपिल देव
(ब) सुनील गावस्कर
(स) अनिल कुंबले
(द) विशन सिंह बेदी

15. **इस वर्ष किस क्लब ने जर्मन सुपर कप का खिताब अपने नाम किया है?**
(अ) बायर्न म्युनिख
(ब) बोरूसिया डोर्टमंड
(स) आरबी लिपजिग
(द) इनमें से कोई नहीं

16. **मध्यप्रदेश के विवेक सागर किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) एथेलेटिक्स (ब) हॉकी
(स) स्क्वॉश (द) नौकायन

17. **बैडमिंटन टूर्नामेंट थॉमस कप की शुरूआत किस वर्ष से हुई थी?**
(अ) वर्ष 1942 (ब) वर्ष 1947
(स) वर्ष 1949 (द) वर्ष 1952

18. **टोक्यो ओलिंपिक-2020 में किस देश ने सॉफ्टबॉल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) अमेरिका (ब) फ्रांस
(स) कनाडा (द) जापान

19. **रोनाल्डो सिंह किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) फुटबॉल (ब) साइक्लिंग
(स) तैराकी (द) नौकायन

20. **वर्ष 2017 में किस देश ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) इंग्लैंड (द) न्यूजीलैंड

21. **शिखर धवन ने किस देश के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में शतक बनाया था?**
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड
(द) पाकिस्तान

22. **इनमें से कौन-सा खेल कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में शामिल नहीं था?**
(अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
(स) फुटबॉल (द) बैडमिंटन

23. **रोजर फेडरर ने किस वर्ष फ्रेंच ओपन ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है?**
(अ) वर्ष 2009 (ब) वर्ष 2010
(स) वर्ष 2012 (द) वर्ष 2014

24. **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं?**
(अ) मिताली राज
(ब) शार्लेट एडवर्ड्स
(स) सारा टेलर (द) मेग लेनिंग

25. **वर्ष 2021 में वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनीं थी?**
(अ) पीवी सिंधु (ब) ताई जू यिंग
(स) अकाने यामागुची
(द) नोजोमी ओकुहारा

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (स), 8. (ब), 9. (अ), 10. (ब), 11. (अ), 12. (द), 13. (स), 14. (द), 15. (अ), 16. (ब), 17. (स), 18. (द), 19. (ब), 20. (स), 21. (ब), 22. (स), 23. (अ), 24. (ब), 25. (स)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

कॅरियर की राहें

फैशन के दौर में टैटू आर्टिस्ट का भी है बेहतर कॅरियर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोविड-19 के बाद फैशन का दौर बहुत तेजी से बदल रहा है। फैशन एक बदलाव है, जो हमें हमेशा नया होने का अहसास दिलाता है। यह हर दौर में अपने साथ एक चलन लेकर आगे बढ़ता है, जैसे कि कपड़े, हेयर स्टाइल, मेकअप आदि यह सब पुराने नहीं होते हैं। बल्कि बदलाव के साथ-साथ इसमें भी कुछ नए प्रयोग किए जाते हैं। इसी तरह टैटू भी है जो प्राचीनकाल से चलन में हैं लोग इसे अपने शरीर पर अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए बनवाते हैं या फिर कोई मनपसंद आकृति बनवाते हैं। ऐसे में टैटू आर्टिस्ट बनने में रुचि और दक्षता रखने वाला कोई भी युवा चाहे वह गांव में रहता हो या शहर में, टैटू मैकिंग क्षेत्र में अच्छे कॅरियर के लिए आगे कदम बढ़ा सकता है।

युवाओं में टैटू के बढ़ते क्रेज ने बढ़ाए रोज़गार के मौके

वास्तव में बहुत से ऐसे युवा हैं, जिनके अंदर न सिर्फ टैटू बनवाने की दीवानगी है,

बल्कि वह टैटू बनाना भी सीखना चाहते हैं। भारत के ग्रामीण इलाकों में आज भी बचपन में ही बच्चों के शरीर पर न छूटने वाले रंगों की कुछ आकृतियां बनाने की प्रथा है। यह आयु बढ़ने के साथ भी शरीर पर कायम रहते हैं।

कठिन नहीं है टैटू आर्टिस्ट बनना

निःसंदेह टैटू न सिर्फ फैशन, बल्कि पैशन बनकर भी उभर रहा है। अगर आप भी क्रिएटिव फील्ड में हाथ आजमाना चाहते हैं तो टैटू आर्टिस्ट बनकर आप भी अच्छा कॅरियर प्राप्त कर सकते हैं। निश्चित रूप से टैटू आर्टिस्ट बनने के लिए एक अच्छे ट्रेनर से अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त करना जरूरी होता है। किसी भी ट्रेनर से टैटू सीखते समय इस बात का ध्यान रखें कि आपको सभी प्रकार के टैटू बनाना वहां सिखाया जाए। इसके मद्देनजर एब्स्ट्रैक्शन टैटू, नेचुरलिस्टिक टैटू, सिम्प्लिफिकेशन टैटू, कॉम्प्लेक्स टैटू जैसे कुछ मुख्य प्रकार गिने जा सकते हैं। इसके अलावा यह भी जानकारी होनी चाहिए की दुनिया के हर देश का अपना कुछ स्टाइल होता है। जैसे कि यदि आप अपने देश में ही टैटू आर्टिस्ट के रूप में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपके लिए जरूरी है कि हमारे देश में प्रचलित टैटू के विभिन्न लोकप्रिय प्रकारों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें। इनमें प्रमुखतः इंडियन गॉड्स टैटू, पैरेंटल ब्लेसिंग टैटू, मेहंदी टैटू, पिकॉक फीदर टैटू, फेस ऑफ द सन टैटू, एनिमल टैटू, फ्लावर टैटू, बर्ड टैटू, नेम टैटू, ज़ॉडिक साइन टैटू आदि शामिल किए जाने उपयुक्त होंगे।

टैटू आर्टिस्ट बनने की स्किल्स

टैटू आर्टिस्ट बनने के लिए आपके अंदर क्रिएटिव का होना बेहद जरूरी है। टैटू शरीर के विभिन्न हिस्सों जैसे बांह, कलाई, पीठ, पेट और पैरों जैसे बॉडी पार्ट पर बनाए जाते हैं। आप पर निर्भर करता है कि आप इसमें कैसे अपनी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं। इसके साथ-साथ विविध प्रकार के कलर कॉम्बीनेशन, केमिकल्स जिसका उपयोग टैटू बनाने के लिए किया जाता है, उनकी जानकारी होना बेहद जरूरी है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है।

टैटू आर्टिस्ट कॅरियर संबंधी विशेष सावधानियां

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आजकल परमनेंट टैटूज का ट्रेंड बहुत है यह हमेशा के लिए शरीर पर होते हैं। यह बात जरूर ध्यान रखने लायक है कि टैटू को काफी सोच-समझकर ही बनाना चाहिए, क्योंकि इसे आसानी से नहीं मिटाया जा सकता है। इसको बनाने के लिए मशीन का भी उपयोग किया जाता है। इसके अलावा टैंपररी टैटू भी काफी पापुलर हैं, क्योंकि इन्हें आसानी से रिमूव किया जा सकता है। एक अच्छे टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाने के बाद खत्म नहीं हो जाता है। क्योंकि टैटू बनने के बाद शुरूआत में स्किन की सही तरह से केयर करनी भी जरूरी होती है, इसलिए एक टैटू मेकर का काम है कि वह अपने क्लाइंट को स्किन केयर के बारे में भी सारी जानकारी दे, ताकि उन्हें बाद में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

टैटू बनाना देखने में भले ही आसान लगे, लेकिन यह एक बेहद कठिन काम होता है। इसमें आपको बेहद धैर्य और एकाग्रता की जरूरत होती है। कई बार लोगों को टैटू से त्वचा में संक्रमण भी फैल जाता है।

जरूरी नहीं है टैटू आर्टिस्ट बनने की कोई शैक्षणिक योग्यता

निश्चित ही टैटू आर्टिस्ट के क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएं देख रहे युवाओं के

लिए कोई विशेष शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। किसी कॉलेज या युनिवर्सिटी से डिग्री या डिप्लोमा लेने की भी जरूरत नहीं है। लेकिन टैटू बनाने में आजकल मशीनों का प्रयोग किया जाता है, इसके लिए आप किसी टैटू स्टूडियो या संस्थान से शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए टैटू मेकिंग सीख सकते हैं। इसके लिए कई संस्थान सामान्य ट्रेनिंग के जरिये टैटू मेकिंग सिखाकर लाइसेंस देते हैं। इसका लाइसेंस पाने के लिए एलायंस ऑफ प्रोफेशनल टैटूइस्ट्स (एपीटी) ने कुछ बेसिक स्टैंडर्ड तय किए हैं। भारत की लगभग सभी बड़ी मेट्रो सिटीज में इस कला की ट्रेनिंग देने के लिए स्टूडियोज बनाए गए हैं।

टैटू आर्टिस्ट के लिए कहां हैं रोज़गार के मौके

निश्चित ही एक टैटू मेकर के लिए काम की कोई कमी नहीं है। टैटू मेकिंग का काम सीखने के बाद आप घर से ही काम की शुरूआत कर सकते हैं। अगर आप बजट अच्छा है तो अलग से टैटू मेकिंग स्टूडियो भी खोला जा सकता है। अगर आप क्लाइंट के घर जाकर काम कर सकते हैं तो ऑनलाइन काम को प्रमोट करना अच्छा रहेगा। इससे आपको कम समय में ही अच्छा काम मिलने लगेगा।

यह बात महत्वपूर्ण है कि टैटू आर्टिस्ट बनने के लिए कोई शैक्षिणिक डिग्री और मानक पाठ्यक्रम निर्धारित नहीं है। लेकिन यदि टैटू के कोर्स से संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों की बात करें तो यह देश के सभी नगरों और महानगरों में सरलता से उपलब्ध है। यदि आप भी टैटू आर्टिस्ट बनना चाहते हैं तो सबसे पहले यूट्यूब और इंटरनेट पर टैटू आर्टिस्ट बनने से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त करें। इसके बाद टैटू आर्टिस्ट बनने से संबंधित उपयुक्त प्रशिक्षण लें। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए लगातार अपना नॉलेज बढ़ाने की जरूरत होगी। इस परिप्रेक्ष्य में टैटू के विभिन्न आयामों से संबंधित सेमिनार और वर्कशॉप भी अटेंड करते रहना लाभप्रद होगा।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

सीआरपीएफ की जन्मस्थली एवं प्रमुख अफीम उत्पादक जिला है नीमच

नीमच, मध्यप्रदेश के उज्जैन संभाग का एक जिला है। इसका गठन 30 जून, 1998 को एक स्वतंत्र जिले के रूप में किया गया था। पहले यह मंदसौर जिले का हिस्सा था। नीमच जिला उत्तर में राजस्थान और पूर्व और दक्षिण में मंदसौर जिले से घिरा हुआ है। यह जिला अफीम की खेती के लिए प्रसिद्ध है। नीमच को कृषि उपज मंडी के लिए जाना जाता है, कृषि यहां के निवासियों की आजीविका का मुख्य स्रोत है। यहां एक अन्य आकर्षण केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपुव) भी है।

नीमच विभिन्न भारतीय सेना रेजिमेंट्स का भी प्रमुख केंद्र रहा है। नीमच छावनी ने 1857 के भारतीय विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यहीं से विद्रोह ने एक बड़ा रूप ले लिया था। नीमच में बंगाल के सैनिकों की एक तैयार टुकड़ी ने दिल्ली में विद्रोह और मार्च किया। यूरोपीय अधिकारियों ने यहां के किले में शरण ली, बाद में इन्हें मंदसौर के एक विद्रोही बल द्वारा घेर लिया गया था। मालवा के बल से राहत मिलने तक इन्होंने शहर को बचाया।

यहां पहले नॉर्थ इंडिया माउंटेड आर्टिलरी एंड कैवेलरी हेडक्वार्टर्स (NIMACH) स्थापित किया गया था और इसी कारण इसका नाम नीमच हो गया। इसी सैन्य छावनी को बाद में क्राउन्स रिप्रेजेन्टेटिव पुलिस फोर्स का मुख्यालय बना दिया गया था, जो कि बाद में 'CRPF' के नाम से जानी जाने लगी।

इतिहास

सन् 1822 में नीमच, ग्वालियर रियासत की एक बड़ी ब्रिटिश छावनी थी, जो 1895 में संयुक्त राजपूताना-मालवा राजनीतिक एजेंसी और मालवा एजेंसी का मुख्यालय बन गया था। ब्रिटिश कैंटोनमेंट को 1932 में भंग कर दिया गया था, जिसके बाद इसे ब्रिटिश म्यूनिसिपल बोर्ड द्वारा बनाए रखा गया था। इसके पहले यह शहर अजमेर जिले का एक महल था। यह शहर मूलतः मालवा का हिस्सा था और 1768 ई. में मेवाड़ के राणा द्वारा लिए गए कर्ज की अदायगी के रूप में दे दिया गया था।

इसके बाद यह 1794, 1844 और 1965 में छोटी अवधि को छोड़कर ग्वालियर रियासत का हिस्सा बना रहा। 1895 से मालवा में नीमच ब्रिटिश सेंट्रल इंडिया एजेंसी के एक राजनीतिक एजेंट का मुख्यालय रहा है। नीमच, भारत में अंग्रेजों की 26वीं और 48वीं फील्ड आर्टिलरी का केंद्र भी था।

अर्थव्यवस्था

नीमच की स्थानीय अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि उपज पर आधारित है। यहां की कृषि उपज मंडी देश की कुछ बड़ी मंडियों में शुमार है। नीमच जिले की जलवायु अफीम के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। नीमच के कृषि बाजार में कई प्रकार के अनाज, मसालों, खसखस या पोस्ता, सरसों आदि का व्यापार होता है। नीमच देश में जड़ी-बूटियों का एक प्रमुख और अश्वगंधा जड़ों का नीलामी और व्यापारिक केंद्र है, जिले में कालमेघ, शतावरी, सफेद मूसली, स्टीविया सहित 500 से अधिक प्रकार की जड़ी-बूटियों का व्यापार होता है। नीमच का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में भी प्रमुख स्थान है और यहां कई कुकिंग ऑयल मिल्स, सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्लांट्स, दालों के प्रोसेसिंग प्लांट्स, डिहाइड्रेशन प्लांट्स, हर्बल एक्सट्रेक्शन और इसबगोल की भूसी के प्लांट्स हैं। जड़ी-बूटियां, मेथी, अजवाईन, धनिया, सोयाबीन उत्पाद, लहसुन पाउडर, प्याज पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, चमड़े के वस्त्र, कृत्रिम गहने यहां से निर्यात भी किए जाते हैं।

नीमच जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 30 जून 1998
2. संभाग- उज्जैन
3. जिला मुख्यालय- नीमच
4. क्षेत्रफल- 4256 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 826,067 (पुरुष-422,653, महिलाएं-403,414)
6. लिंग अनुपात- 954
7. तहसीलें- 7 (नीमच, नीमच नगर, जीरन, मनासा, रामपुरा, जावद, सिंगोली)
8. विकासखंड- 3 (नीमच, मनासा, जावद)
9. ग्राम पंचायत- 236
10. ग्राम- 800
11. विधानसभा क्षेत्र- 3 (नीमच, मनासा, जावद)
12. लोकसभा क्षेत्र- 1 (मंदसौर)

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- भारत का दूसरा अफीम प्रसंस्करण और अल्कलॉइड के निर्माण का संयंत्र मध्यप्रदेश के नीमच जिले में स्थित है, जो राजस्थान की पूर्वी सीमा से लगभग 5 किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें दो अलग-अलग इकाइयां शामिल हैं, अफीम फैक्ट्री और अल्कलॉइड वर्क्स। नीमच अफीम फैक्ट्री का उद्घाटन 1935 में हुआ। अल्कालॉइड कार्यों की शुरुआत 6 अक्टूबर 1976 से की गई। कैंपस का क्षेत्रफल 57,000 वर्ग मीटर है।
- नीमच को भारत की नेत्र नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां प्रति व्यक्ति नेत्र दान की दर सर्वाधिक है।
- भीलों की कुलदेवी भादवा माता जी का मंदिर जिले का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। मंदिर के परिसर में पानी की एक पवित्र बावड़ी है, जिसे आरोग्य तीर्थ के नाम से जाना जाता है। यहां नवरात्रि पर मेला लगता है जो भादवा माता मेला नाम से प्रसिद्ध है।
- नीमच से 21 किलोमीटर दूर स्थित ऐतिहासिक तथा सुन्दर नगर जीरन है। यहां के किले का एक विशेष महत्व है। इस किले ने इतिहास के कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। यहां एक सुन्दर तालाब भी है। किले में भगवान शंकर की प्राचीन मूर्ति है, जिसे किलेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। जिले के खोर में स्थित 11वीं शताब्दी का नवतोरण मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है।
- राजस्थान की सीमा से लगा हुआ अठाना, नीमच जिले का एक खूबसूरत नगर है। यह नंदन प्रिंट के लिए मशहूर है। इस प्रिंट की खासियत है कि इसमें परंपरागत चटकीले रंगों का प्रयोग किया जाता है। सुखानंद महादेव यहां का नजदीकी दर्शनीय स्थल है। यहां कृष्णमहल है। जावद तहसील से 2 किलोमीटर दूर राजस्थान की सीमा से लगा हुआ तारापुर तथा उमेदपुरा गांव भी हैंड प्रिंट के लिए बहुत मशहूर है। समीप ही पवित्र चित्रकूट पहाड़ी पर बसा नयागांव, सीमेंट प्लांट के लिए लोकप्रिय है।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

प्रश्न : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

जब-जब समाज पथ भ्रष्ट हुआ है, तब-तब युग सर्जक की भूमिका का निर्वाह शिक्षकों ने बखूबी किया है। आज की दशा में जो जीवन मूल्यों की रक्षा का गुरुत्तर दायित्व शिक्षक पर ही आ जाता है। वर्तमान स्थिति में जीवन मूल्यों के संस्थापन का भार शिक्षकों पर पहले की अपेक्षा अधिक हो गया है। शिक्षक विद्यालय परिसर में छात्र के लिए आदर्श होता है। शिक्षक के हर क्रियाकलापों पर छात्रों की दृष्टि रहती है। प्राथमिक स्तर के छात्र तो अपने शिक्षकों के निर्देश को ब्रह्म वाक्य मानकर उनका अनुसरण करते हैं। यहाँ तक कि अपने माता-पिता की तुलना में शिक्षकों को अधिक सम्मान देते हैं। प्राथमिक स्तर के छात्रों का चित्त निर्मल होता है। मही काल छात्रों में जीवन मूल्यों के संस्थापन का उत्तम काल है। इस अवस्था के छात्रों के स्वच्छ एवं निर्विकार मन पर शिक्षक जो भाव अंकित करना चाहें, कर सकते हैं। इस समय मन पर पड़ने वाला प्रमाद स्थायी होता है। अतः इस स्तर पर शिक्षण कार्य में लीन शिक्षकों को अपने छात्रों को छोटी-छोटी नीति परक कथाएं सुनाकर उनमें जीवन मूल्यों का बीजारोपण करना चाहिए।

1. समाज के भ्रष्ट होने पर शिक्षक ने क्या किया है?
(अ) समाज को बनाया है
(ब) सर्जक की भूमिका का निर्वाह किया है
(स) वर्तमान स्थिति को बनाए रखा है
(द) सजगता लाने का काम किया है
उत्तर - (ब) सर्जक की भूमिका का निर्वाह किया है।

2. जीवन मूल्यों की रक्षा का भार किस पर आता है?
(अ) शिक्षक पर (ब) समाज पर
(स) विद्यार्थी पर (द) हम सभी पर
उत्तर - (अ) शिक्षक पर।

3. छात्रों की दृष्टि किस पर रहती है?
(अ) विद्यालय
(ब) विद्यालय की गतिविधियों पर
(स) शिक्षक के क्रियाकलापों पर
(द) सद्गुणों के विकास पर
उत्तर - (स) शिक्षक के क्रियाकलापों पर।

4. छात्र किसकी बातों को अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं?
(अ) शिक्षक की (ब) माता-पिता की
(स) साथियों की (द) पड़ोसियों की
उत्तर - (अ) शिक्षक की।

5. शिक्षक अपने छात्रों में किस प्रकार जीवन मूल्यों का बीजारोपण कर सकते हैं?
(अ) छोटी-छोटी नीतिपरक कथाएं सुनाकर
(ब) महापुरुषों के चित्र दिखाकर
(स) कविताएं सुनाकर
(द) घटनाएं सुनाकर
उत्तर - (अ) छोटी-छोटी नीतिपरक कथाएं सुनाकर।

गद्यांश 2) जीवन रुकने का नहीं चलते रहने का नाम है। कुछ लोग असफलता की अवस्था में निराश होकर अपने उत्साह का दामन छोड़ बैठते हैं। वे भूल जाते हैं कि परिश्रम एवं प्रयत्न में तो भाग्य को बदल देने की भी क्षमता रहती है। आलसी बनकर रोना-धोना व्यर्थ है। मनुष्य इस संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। अतः उसे अपना जीवन सार्थक बनाने के लिए आशा का सहारा लेना चाहिए। आलसी बनकर समय व्यर्थ बिताना अपने साथ अन्याय करना है। हमें अपने साधनों एवं क्षमताओं का प्रयोग कर प्रगति के पथ पर बढ़ना चाहिए। हमें भावात्मक कार्य की अपेक्षा रचनात्मक कार्य करना चाहिए। दुख में घबराना कायरता का प्रतीक है। हर शाम को सूरज को ढलना ही है। रात को आना ही है तो क्या अंधेरे में हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहा जाए या उठकर एक दीपक जला लें। सूर्य के समक्ष दीपक की क्या बिसात! पर एक दीपक भी पर्याप्त है एक घर को रोशन कर देने के लिए।

6. जीवन नाम है -
(अ) श्वासों के आवागमन का
(ब) आत्मविश्वास का
(स) निरंतर कार्यरत रहने का
(द) ईश्वर के प्रति आस्था का
उत्तर - (स) निरंतर कार्यरत रहने का।

7. असफलता की स्थिति में, व्यक्ति का कर्तव्य है -
(अ) निराश होकर कर्म करना छोड़ दे
(ब) आशावादी बनकर निरंतर परिश्रम करे
(स) भाग्य के भरोसे स्वयं को छोड़ दे
(द) उत्साह का दामन छोड़ दे
उत्तर - (ब) आशावादी बनकर निरंतर परिश्रम करें।

8. प्रगति के पथ पर अग्रसर होने के लिए आवश्यक है -
(अ) परिस्थितियों के साथ समझौता करना
(ब) अनुकूल समय की प्रतीक्षा
(स) किसी भी प्रकार की कीमत चुकाने हेतु तत्परता
(द) अपनी क्षमताओं व साधनों का समुचित प्रयोग
उत्तर - (द) अपनी क्षमताओं व साधनों का समुचित प्रयोग।

9. लेखक के अनुसार भावात्मक और रचनात्मक कार्यों में ज्यादा महत्वपूर्ण है -
(अ) भावात्मक
(ब) रचनात्मक
(स) दोनों
(द) दोनों में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) रचनात्मक।

10. 'एक दीपक भी पर्याप्त है घर को रोशन करने के लिए' पंक्ति से अभिप्राय है -
(अ) अंधेरा दूर करने का प्रयास
(ब) दीपक जलाने की प्रेरणा
(स) छोटी-छोटी उपलब्धियाँ प्राप्त करने की प्रेरणा
(द) दीपक की महत्ता
उत्तर - (अ) अंधेरा दूर करने का प्रयास।

11. 'उड़ान' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(अ) आन (ब) ड़ान
(स) न (द) अन
उत्तर - (अ) आन।

12. 'कृपालु' शब्द में मूल शब्द क्या है?
(अ) कृ (ब) कृपा
(स) लु (द) आलु
उत्तर - (ब) कृपा।

13. 'चौराहा' शब्द में कौनसा समास है?
(अ) द्विगु समास
(ब) बहुव्रीहि समास
(स) द्वंद्व समास
(द) कर्मधारय समास
उत्तर - (अ) द्विगु समास।

14. निम्न लिखित में से कौनसा शब्द जाति वाचक संज्ञा है?
(अ) शहर (ब) कामायनी
(स) भोपाल (द) नीलम
उत्तर - (अ) शहर।

15. मैं रवि को पत्र लिखूँगा वाक्य में कौनसा कारक है?
(अ) कर्ता कारक
(ब) करण कारक
(स) कर्म कारक
(द) सम्प्रदान कारक
उत्तर - (स) कर्म कारक।

16. बाहर कौन खड़ा है? वाक्य में सर्वनाम का भेद बताइए
(अ) संबंध वाचक सर्वनाम
(ब) प्रश्न वाचक सर्वनाम
(स) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
(द) निश्चय वाचक सर्वनाम
उत्तर - (ब) प्रश्न वाचक सर्वनाम।

17. 'सप्ताह' शब्द से विशेषण बनेगा -
(अ) सप्ताही (ब) साप्ताहिक
(स) सप्ताकी (द) साप्त की
उत्तर - (ब) साप्ताहिक।

18. 'अग्नि' शब्द का कौनसा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(अ) आग (ब) अनल
(स) नग (द) पावक
उत्तर - (स) नग।

19. 'स्वाभाविक' शब्द का विलोभार्थी है?
(अ) अस्वाभाविक (ब) स्वभाव
(स) सहज (द) असंभव
उत्तर - (अ) अस्वाभाविक।

20. 'आकाश-पाताल एक करना' मुहावरे का सही अर्थ है -
(अ) पाताल तोड़ लाना
(ब) कम से कम काम करना
(स) जी-तोड़ प्रयत्न करना
(द) आकाश तक जा पहुँचना
उत्तर - (स) जी-तोड़ प्रयत्न करना।

21. गरिमा नाच रही है और पूर्वा गा रही है। रचना के आधार पर यह वाक्य है -
(अ) सरल वाक्य (ब) संयुक्त वाक्य
(स) मिश्र वाक्य (द) अन्य वाक्य
उत्तर - (ब) संयुक्त वाक्य।

22. जिस भाषा से अनुवाद किया जाता है उसे कहते हैं?
(अ) लक्ष्य भाषा
(ब) स्रोत भाषा
(स) (अ) और (ब) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) स्रोत भाषा।

23. पक्षी आकाश में उड़ते हैं इस वाक्य का वाच्य है?
(अ) कर्तृ वाच्य (ब) कर्म वाच्य
(स) भाव वाच्य (द) अन्य
उत्तर - (अ) कर्तृ वाच्य।

24. जिस भाषा में अनुवाद किया जाता है उसे कहते हैं?
(अ) लक्ष्य भाषा
(ब) स्रोत भाषा
(स) 'अ' और 'ब' दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) लक्ष्य भाषा।

25. भाव वाचक संज्ञा का सही विकल्प चुनकर लिखिए?
(अ) चाँदी (ब) दूध
(स) गंगा (द) शीतलता
उत्तर - (द) शीतलता।

26. ऐतिहासिकता का सही विकल्प है?
(अ) ऐतिहासिक+ता
(ब) ऐतिहासि+कता
(स) इतिहास+इक+ता
(द) ऐतिहास+एता
उत्तर - (स) इतिहास+इक+ता।

27. पानी-पानी हो जाना मुहावरे का सही अर्थ है?
(अ) आँखों में आंसू आना
(ब) बुरी तरह भीग जाना
(स) बारिश आ जाना
(द) अत्यंत लज्जित होना
उत्तर - (द) अत्यंत लज्जित होना।

28. 'महादेव' शब्द में कौन-सा समास है?
(अ) तत्पुरुष (ब) कर्मधारय
(स) बहुव्रीहि (द) अव्ययी भाव
उत्तर - (स) बहुव्रीहि।

29. दाल-चावल में किस समास का प्रयोग है?
(अ) तत्पुरुष (ब) द्वंद्व
(स) द्विगु (द) कर्मधारय
उत्तर - (ब) द्वंद्व समास।

30. 'चौराहा' शब्द में कौन-सा समास है?
(अ) द्विगु (ब) बहुव्रीहि
(स) द्वंद्व (द) कर्मधारय
उत्तर - (अ) द्विगु समास।

31. स्वामी दयानंद सरस्वती ने इनमें से किसकी स्थापना की?
(अ) ब्रह्म समाज
(ब) प्रार्थना समाज
(स) आर्य समाज
(द) राम कृष्ण मिशन
उत्तर - (स) आर्य समाज।

32. हिन्दी के अंतर्गत कुल कितनी बोलियां हैं?
(अ) दस (ब) पाँच
(स) पन्द्रह (द) अट्ठारह
उत्तर - (द) अट्ठारह।

33. मानक हिन्दी का मूल आधार कौनसी बोली है?
(अ) ब्रजभाषा
(ब) खड़ी बोली
(स) उर्दू
(द) हिन्दुस्तानी
उत्तर - (ब) खड़ी बोली।

34. देवनागरी लिपि इनमें से किस प्रकार की लिपि है?
(अ) ध्वन्यात्मक
(ब) वर्णात्मक
(स) चित्रात्मक
(द) कुटिल
उत्तर - (ब) वर्णात्मक लिपि।

35. देवनागरी लिपि में 'अ' की बारहखड़ी स्वर ध्वनियों के स्थान पर प्रयुक्त करने का सुझाव किसने दिया था?
(अ) महात्मा गांधी
(ब) विनोबा भावे
(स) काका कालेलकर
(द) बाल गंगाधर तिलक
उत्तर - (स) काका कालेलकर।

36. इनमें से अशुद्ध शब्द लिखिए -
(अ) इकत्तीस (ब) उनचास
(स) सत्रह (द) छह
उत्तर - (अ) इकत्तीस।

37. सरकारी कामकाज की वह भाषा जिसे संविधान ने सरकारी कामकाज के लिए स्वीकृत किया है क्या कहलाती है?
(अ) राष्ट्र भाषा
(ब) राज भाषा
(स) सम्पर्क भाषा
(द) राज्य भाषा
उत्तर - (ब) राज भाषा।

38. संविधान में किस धारा के अंतर्गत हिन्दी को राज भाषा घोषित किया गया है?
(अ) 343 (i) (ब) 352
(स) 350 (द) 349
उत्तर - (अ) 343 (i)।

39. खड़ी बोली हिन्दी का विकास किस भाषा से हुआ है?
(अ) संस्कृत (ब) प्राकृत
(स) ब्रज भाषा (द) अपभ्रंश
उत्तर - (द) अपभ्रंश भाषा।

40. खड़ी बोली का दूसरा नाम क्या है?
(अ) मेरठी (ब) कौरवी
(स) वांगरू (द) हड़ौती
उत्तर - (ब) कौरवी।

41. ढूंढ़ाणी बोली का दूसरा नाम जो अधिक प्रचलित है?
(अ) जयपुरी (ब) मालवी
(स) मेवाती (द) मारवाड़ी
उत्तर - (अ) जयपुरी।

42. अपभ्रंश के भाषिक एवं व्याकरणिक रूप का विवेचन किसने किया?
(अ) ज्योतिश्वर ठाकुर
(ब) दामोदर
(स) भोज
(द) हेमचन्द्र
उत्तर - (द) हेमचन्द्र।

43. इनमें से हिन्दी का एक रूप क्या नहीं है?
(अ) रेख्ता (ब) हिन्दुस्तानी
(स) दक्खिनी (द) कोंकणी
उत्तर - (द) कोंकणी।

44. इनमें से किस भाषा में संस्कृत के तत्सम शब्दों का प्रयोग सबसे कम होता है?
(अ) ब्रज भाषा (ब) हिन्दुस्तानी
(स) हिन्दी (द) अवधी
उत्तर - (ब) हिन्दुस्तानी।

45. राज भाषा आयोग का गठन कब हुआ था?
(अ) 1950 ई. (ब) 1955 ई.
(स) 1960 ई. (द) 1965 ई.
उत्तर - (ब) 1955 ई.।

46. इनमें से कौनसा जोड़ा उचित नहीं है?
(अ) ब्रज भाषा - खड़ी बोली
(ब) अवधी-बघेली
(स) मारवाड़ी-छत्तीसगढ़ी
(द) भोजपुरी-मैथली
उत्तर - (स) मारवाड़ी-छत्तीसगढ़ी।

47. बैसवाड़ी बोली का दूसरा नाम क्या है?
(अ) ब्रज भाषा (ब) अवधी
(स) वांगरू (द) बुन्देली
उत्तर - (ब) अवधी।

48. अपभ्रंश का पहला कवि किसे माना जाता है?
(अ) स्वयंभू (ब) हेमचन्द्र
(स) रत्नाकर (द) ठाकुर
उत्तर - (अ) स्वयंभू।

49. 'लहंदा' भाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है?
(अ) पैशाची (ब) ब्राचड़
(स) रवस (द) शौरसेनी
उत्तर - (अ) पैशाची।

50. राज भाषा आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया?
(अ) आचार्य नरेन्द्र देव
(ब) बी.जी. खेर
(स) मदन मोहन मालवीय
(द) पी.डी. टण्डन
उत्तर - (ब) बी.जी. खेर।

51. इनमें से कौनसे वर्ण 'अयोगवाह' कहलाते हैं?
(अ) य,र,ल,व (ब) श,ष,स,ह
(स) अं,अः (द) क्ष,त्र
उत्तर - (स) अं,अः।

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था है -
(अ) कृषि प्रधान
(ब) पूंजी प्रधान
(स) उद्योग प्रधान
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ)

2. मध्यप्रदेश की सबसे ऊंची चोटी धूपगढ़ किन पहाड़ियों में स्थित है -
(अ) महादेव पहाड़ियों पर
(ब) राजपीपला पहाड़ियों पर
(स) मेकल श्रेणी में
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ)
व्याख्या- मध्यप्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी इसी पहाड़ी पर स्थित है।

3. भेड़ाघाट पर कौन-सा जलप्रपात स्थित है -
(अ) कपिलधारा (ब) दुग्धधारा
(स) धुआंधार (द) चचाई
उत्तर - (स)

4. तवा नदी किस नदी की सहायक नदी है -
(अ) नर्मदा (ब) यमुना
(स) गंगा (द) सोन
उत्तर - (अ)

5. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है -
(अ) 3 वर्ष (ब) 5 वर्ष
(स) 6 वर्ष (द) अनिश्चित
उत्तर - (अ)

6. निम्न में से कौनसी पुस्तक कालिदास की नहीं है -
(अ) मेघदूतम्
(ब) कुमार सम्भवम्
(स) उत्तर रामचरितम्
(द) ऋतुसंहारम्
उत्तर - (स)
व्याख्या - उत्तर रामचरितम् कोई पुस्तक नहीं है।

7. सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना में किस वर्ग की महिलाओं के स्व-सहायता समूह तैयार किये जाते हैं -
(अ) सामान्य
(ब) अनुसूचित जाति
(स) अनुसूचित जनजाति
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब)
व्याख्या - इस वर्ग की महिलाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ने के लिये मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम इन समूहों का गठन करता है। अभी तक 870 स्व-सहायता समूह बन चुके हैं।

8. मध्यप्रदेश की समृद्ध और विविध संस्कृति और शिल्प को दर्शाने के लिये ट्राइब्स इंडिया की वेबसाइट पर किस महोत्सव का प्रारंभ किया गया था -
(अ) ट्राइब्स मध्यप्रदेश
(ब) आदि महोत्सव
(स) सांस्कृतिक महोत्सव
(द) मध्यप्रदेश महोत्सव
उत्तर - (ब)
व्याख्या - इस 10 दिवसीय महोत्सव का प्रारंभ 1 दिसंबर को हुआ। यह एक राष्ट्रीय जनजातीय त्योहार है और भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय और जनजातीय सहकारिता विपणन विकास संघ की संयुक्त पहल है।

9. नर्मदा एक्सप्रेस-वे किस-किस के बीच बन रहा है -
(अ) श्योपुर से कोटा
(ब) अमरकंटक से अलीराजपुर
(स) होशंगाबाद से खंडवा
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब)
व्याख्या - इसके विकास से सड़क के दोनों ओर इंडस्ट्रियल क्लस्टर, आधुनिक कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र विकसित किये जायेंगे।

10. मांडू में जहाज महल का निर्माण किसने करवाया था -
(अ) महमूद शाह खिलजी
(ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) भोज परमार
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (द)
व्याख्या - इसका निर्माण ग्यासुद्दीन खिलजी ने करवाया था।

11. भारतीय मजदूर आंदोलन को संगठित करने वाला प्रथम नेता कौन है -
(अ) एन.एम. लोखन्डी
(ब) लाला लाजपतराय
(स) एन.जी. रंगा
(द) उपरोक्त में से से कोई नहीं
उत्तर - (अ)
व्याख्या - 1890 में एन.एम. लोखन्डी ने मुंबई मिल्स हेन्डस् एसोसिएशन बनाई और दीनबंधु जर्नल भी प्रकाशित किया है।

12. साहित्यकार भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म स्थान है -
(अ) खंडवा (ब) होशंगाबाद
(स) सागर (द) उज्जैन
उत्तर - (ब)
व्याख्या - उनका जन्म 29 मार्च 1913 को तथा मृत्यु 20 फरवरी 1985 को हुई थी।

13. 'वस्तु एवं सेवा कर' किसकी अध्यक्षता में बनी कमेटी द्वारा प्रस्तावित किया गया था -
(अ) विजय केलकर
(ब) मोंटेकसिंह अहलूवालिया
(स) अरूण जेटली
(द) रघुराम राजन
उत्तर - (अ)

14. चंद्रशेखर आजाद का जन्म किस जिले में हुआ था -
(अ) खरगोन (ब) ग्वालियर
(स) झाबुआ (द) भिण्ड
उत्तर - (स)
व्याख्या - 23 जुलाई 1906 को भांवरा ग्राम में उनका जन्म हुआ था। निधन 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद में हुआ।

15. रूपसिंह स्टेडियम किस शहर में स्थित है -
(अ) इंदौर (ब) ग्वालियर
(स) भोपाल (द) जबलपुर
उत्तर - (ब)
व्याख्या - ग्वालियर में स्थित यह स्टेडियम क्रिकेट का है।

16. निम्न में से कौन सा हॉकी खिलाड़ी मध्यप्रदेश का है -
(अ) कीर्ति पटेल
(ब) सौरभ मुकर्जी
(स) समीर दाद
(द) मुक्ता पटेल
उत्तर - (स)
व्याख्या - कीर्ति पटेल मध्यप्रदेश के क्रिकेट के खिलाड़ी हैं।

17. भारत भवन मध्यप्रदेश के किस शहर में स्थित है -
(अ) इंदौर (ब) ग्वालियर
(स) भोपाल (द) जबलपुर
उत्तर - (स)
व्याख्या - भारत भवन की स्थापना 1982 में हुई थी।

18. निम्न में से कौनसा पर्यटन स्थल 'मूर्तिकला का तीर्थ' कहलाता है -
(अ) खजुराहो (ब) मांडू
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर
उत्तर - (अ)

19. प्रसिद्ध उदयगिरी की गुफायें प्रदेश के किस जिले में हैं -
(अ) रायसेन (ब) भोपाल
(स) विदिशा (द) होशंगाबाद
उत्तर - (स)
व्याख्या - ये गुफायें 20 गुफाओं का समूह है, जो कि गुप्तकाल में बनाई गई थीं, इनमें से एक गुफा जैन धर्म से संबंधित है तथा शेष हिंदू धर्म से संबंधित हैं।

20. मध्यप्रदेश में कान्हा बाबा का मेला किस स्थान पर लगता है -
(अ) सोडलपुर (ब) बड़वानी
(स) होशंगाबाद (द) सोहागपुर
उत्तर - (अ)

21. किस वर्ष को गोंड कला वर्ष मध्यप्रदेश ने घोषित किया था -
(अ) 2020 (ब) 2019
(स) 2021 (द) 2018
उत्तर - (ब)

22. बंडोल समूह जलप्रदाय योजना किस जिले में क्रियान्वित हो रही है -
(अ) दतिया (ब) सिवनी
(स) छिंदवाड़ा (द) बैतूल
उत्तर - (ब)
व्याख्या - मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में संजय सरोवर बांध (भीमगढ़) में 232.57 करोड़ रुपये की लागत से इसका संचालन किया जा रहा है।

23. विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश के किस जिले में बनना प्रस्तावित है -
(अ) खंडवा (ब) खरगोन
(स) निवाड़ी (द) बैतूल
उत्तर - (अ)
व्याख्या - खंडवा जिले में नर्मदा नदी पर ओंकारेश्वर बांध पर यह बनेगा। इसमें अनुमानित निवेश 3 हजार करोड़ रुपये है। इंटरनेशनल फाइनेंस कार्पोरेशन, वर्ल्ड बैंक और पावर ग्रिड कार्पोरेशन इसमें सहयोग करेंगे।

24. 'लांच पैड स्कीम' किस मंत्रालय/विभाग द्वारा प्रारंभ की जा रही है -
(अ) शिक्षा मंत्रालय
(ब) महिला और बाल विकास मंत्रालय
(स) ऊर्जा मंत्रालय
(द) वित्त मंत्रालय
उत्तर - (ब)
व्याख्या - विभाग द्वारा समेकित बाल संरक्षण योजना के अंतर्गत बाल देखरेख संस्थाओं के संस्थागत देखरेख से बाहर आने वाले 18 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों के लिये ऐसा प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना है, जहां वे अपने शिक्षण एवं प्रशिक्षण को जारी रखते हुये आत्मनिर्भर हो सकें।

25. हाल ही में लॉन्च किया गया 'मनी' (MANI) एप किसके द्वारा विकसित किया गया है -
(अ) वित्त मंत्रालय
(ब) भारतीय रिज़र्व बैंक
(स) नाबार्ड
(द) उद्योग मंत्रालय
उत्तर - (ब)
व्याख्या - मोबाइल एडेड नोट आइडेंटिफायर दृष्टिबाधित लोगों को मुद्रा नोटों के मूल्य वर्ग की पहचान में मदद करता है।

26. 'संतुष्ट' पोर्टल किस मंत्रालय का है -
(अ) श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
(ब) उद्योग मंत्रालय
(स) उपभोक्ता मामले का मंत्रालय
(द) वित्त मंत्रालय
उत्तर - (अ)
व्याख्या - यह श्रम कानूनों के क्रियान्वयन की निगरानी के लिये है।

27. 'असीम' पोर्टल किसने लॉन्च किया है -
(अ) श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
(ब) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय
(स) वित्त मंत्रालय
(द) उद्योग मंत्रालय
उत्तर - (ब)
व्याख्या - देशभर के प्रवासी श्रमिकों का डेटाबेस बनाने व उनको आजीविका खोजने में सहायता प्रदान करने के लिये इसे लॉन्च किया गया है।

28. विजन 2035 भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी किसने लॉन्च किया है -
(अ) नीति आयोग
(ब) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(स) वित्त मंत्रालय
(द) स्वास्थ्य मंत्रालय
उत्तर - (अ)

29. निमाड़ उत्सव का आयोजन किस स्थान पर किया जाता है -
(अ) महेश्वर (ब) ओंकारेश्वर
(स) खंडवा (द) बुरहानपुर
उत्तर - (अ)

30. 'डॉटेड लाइन्स' पुस्तक किसने लिखी है।
(अ) एन.जी. रंगा
(ब) देवजानी मुखर्जी
(स) देवाशीष
(द) सुमनजीत
उत्तर - (ब)
व्याख्या - यह पुस्तक भूरीबाई-भील कलाकार पर लिखी गई है।

31. 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट में प्रदेश की कौनसी नदी/नदियां सम्मिलित हैं -
(अ) चंबल
(ब) बनास
(स) काली सिंध
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द)
व्याख्या - प्रोजेक्ट के अंतर्गत उपरोक्त नदियों के अतिरिक्त गंभीर नदी भी सम्मिलित है। इसमें सर्वे करके नदियों का पुनर्रुधार किया जावेगा।

32. प्रदेश का डायमंड म्यूजियम कहां स्थित है -
(अ) खजुराहो (ब) पन्ना
(स) छतरपुर (द) सागर
उत्तर - (अ)
व्याख्या - पन्ना में डायमंड पार्क स्थित है।

33. प्रदेश का पहला जेल कॉम्प्लेक्स किस शहर में है -
(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर (द) छिंदवाड़ा
उत्तर - (द)

34. ऐश्वर्य प्रताप सिंह मध्यप्रदेश के खिलाड़ी हैं। ये किस खेल से संबंध रखते हैं -
(अ) क्रिकेट (ब) शूटिंग
(स) चेस (द) हॉकी
उत्तर - (ब)
व्याख्या - इन्होंने दोहा में 14वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप जीती है।

35. मध्यप्रदेश स्टेट इक्विस्ट्रीयन एक्सीलेंस अकादमी किस शहर में है -
(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) इंदौर (द) ग्वालियर
उत्तर - (अ) भोपाल

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

बिजली का अपव्यय रोकने के लिए चलाएं अभियान - मुख्यमंत्री

भोपाल, बिजली के उत्पादन के साथ ही बिजली की बचत कर बड़ी राशि बचाई जा सकती है। आगामी प्रदेश स्थापना दिवस पर एक सप्ताह का ऊर्जा साक्षरता अभियान संचालित किया जाए। जिस तरह घरों में बिजली का अपव्यय रोकने पर ध्यान दिया जाता है, उसी तरह सरकारी दफ्तरों में भी बिजली की बचत हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। बिजली बचाना हमारे स्वभाव का हिस्सा होना चाहिए। ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत उपयोगकर्ताओं को जागरूक बनाने पर निरंतर ध्यान दिया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में ऊर्जा और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभागों की समीक्षा करते हुये कहीं।

सोलर सिटी और सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर एनर्जी क्षेत्र में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ा है। विश्व धरोहर स्मारक स्थल सांची को प्रथम सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए निजी क्षेत्र भी सहयोग कर रहा है।

केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश के इस मॉडल की सराहना की है। जहां ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर परियोजना अगले एक वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य है, वहीं आगर-शाजापुर, नीमच सौर परियोजना, जिसकी क्षमता 1500 मेगावॉट है, अगले वर्ष उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगी। इस परियोजना के लिए विकासकों की चयन प्रक्रिया पूरी करते हुए भूमि आवंटन और अनुबंध हस्ताक्षर करने की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। वर्तमान में सब-स्टेशन बनाने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा 950 मेगावॉट क्षमता की छतरपुर सौर परियोजना कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा।

मुरैना में भी 1400 मेगावॉट की सौर परियोजना के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर बेस लाइन सर्वे का कार्य चल रहा है। इसके लिए 1750 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है।

सौर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार

बैठक में बताया गया कि भारत सरकार के उपक्रम इंडिया ऑयल कार्पोरेशन ने सूर्य-नूतन नाम से सोलर कुकर विकसित किया है। इसे प्रदेश के विभिन्न स्थान पर प्रदर्शन के रूप में स्थापित करने पर सहमति हुई है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन, कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए वाहनों में एच-सीएनजी पर प्रयोग कर चुका है। कार्पोरेशन का प्रस्ताव है कि प्रायोगिक तौर पर इसका उपयोग प्रदेश की चुनिंदा सीएनजी बसों के लिए किया जाए।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

- **Fill in the blanks with suitable articles (Question Nos. 1 to 5).**

1. Ramesh is ..... officer in the Indian army.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

2. ..... newborn baby sleeps most of the time.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

3. ..... Ganges is a holy river.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

4. .... deeper the well, ... cooler the water.
(a) a & a (b) the & a
(c) the & the (d) no article

5. I lost .... pen which I had received as a gift.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

- **Fill in the blank spaces with suitable prepositions (Question Nos. 6 to 12).**

6. The road was blocked because ..... the funeral procession.
(a) to (b) by
(c) from (d) of

7. Seema cut the pineapple ..... a knife.
(a) of (b) by
(c) from (d) with

8. Let's go to Indore ..... bus.
(a) into (b) at
(c) with (d) by

9. It is an everyday activity ..... students to study their lessons.
(a) of (b) to
(c) for (d) in

10. Many ..... the words we know remain in our minds.
(a) inside (b) into
(c) by (d) of

11. His sister returned ..... 7 o'clock.
(a) by (b) into
(c) to (d) at

12. He left the job due ..... his personal problem.
(a) at (b) of
(c) on (d) to

- **Fill in the blanks with suitable form of the verb (Question Nos. 13 to 18).**

13. This book ..... to Karim.
(a) is belonging
(b) belong
(c) belongs
(d) has belonged

14. I ..... your family problems
(a) have understand
(b) am understanding
(c) understood
(d) understand

15. I ..... him tomorrow in the city.
(a) have seen
(b) will see
(c) see
(d) will seeing

16. I lost the purse which my father ..... me.
(a) is gifting (b) gift
(c) has gifted
(d) had gifted

17. I ..... R. K. Narayan's 'The Guide' nowadays.
(a) read
(b) am reading
(c) have read
(d) have been reading

18. It ..... heavily all day yesterday.
(a) was rained
(b) rained
(c) raining
(d) has rained

- **Change the Voice (Question Nos. 19 to 25).**

19. He sells toys in the train.
(a) He sold toys in the train.
(b) In the train are sold the toys by him.
(c) Toys are sold by him in the train.
(d) Toys have been sold by him in the train.

20. Did she entertain you?
(a) Have you been entertained by her?
(b) Are you entertained by her?
(c) Were you entertained by her?
(d) Had been you entertained by her?

21. Raju feels that the condition will improve.
(a) Condition is felt that it will be improved.
(b) It is felt by Raju that the condition will improve.
(c) It is felt that Raju will improve the condition.
(d) It is feel that the condition will be improved by Raju.

22. Will Sunil buy a new wrist-watch?
(a) Will Sunil be bought a new wrist-watch?
(b) Will a new wrist-watch be bought by Sunil?
(c) Will be Sunil bought by a new wrist-watch?
(d) Will a new wrist-watch by Sunil bought?

23. Give him some water.
(a) Let some water give him.
(b) Let him be given some water.
(c) Let he be given water.
(d) Let some water him be given.

24. You are requested to book tickets.
(a) You book tickets.
(b) Book tickets.
(c) Book tickets please.
(d) Let tickets be booked.

25. The car was repaired by a new mechanic.
(a) A new mechanic repairs the car.
(b) A new mechanic has been repaired for the car.
(c) A new mechanic had repaired the car.
(d) A new mechanic repaired the car.

- **Idioms and phrases (Question Nos. 26 to 30).**

26. Be on cloud nine.
(a) Fly above the cloud.
(b) Be very serious about something.
(c) Be very happy about something.
(d) Be unhappy all time.

27. Neck And neck
(a) Face to face.
(b) Equal.
(c) Dissimilar.
(d) Try very hard.

28. Sell like hot cakes.
(a) Slow sellout.
(b) Selling cakes in the market.
(c) Quick sellout
(d) Being the temper.

29. Bear a grudge.
(a) To continue to feel happy and friendly.
(b) To continue to feel angry or unfriendly.
(c) To continue to face problem.
(d) To discontinue the work.

30. Fish out of water.
(a) To be in the comfort zone.
(b) To keep the fish in problem.
(c) To feel ease and comfort all time.
(d) To be out of your comfort zone.

- **Choose the word opposite to the meaning of the given word (Question Nos. 31 to 35).**

31. Compliment
(a) Tribute (b) Accolade
(c) Insult (d) Praise

32. Dwarf
(a) Small (b) Giant
(c) Tiny (d) Miniature

33. Crowded
(a) Full (b) Lonely
(c) Packed (d) Busy

34. Random
(a) Casual (b) Specific
(c) Chance (d) Accidental

35. Partial
(a) Limited (b) Half-done
(c) Part (d) Complete

- **Synonym (Question Nos 36 to 40).**

36. Connote
(a) Delete (b) Cross-out
(c) Cancel (d) Imply

37. Soak
(a) Dip (b) Drench
(c) Dry out (d) Assail

38. Jeer
(a) Applaud (b) Praise
(c) Mock (d) Clap

39. Muddle
(a) Enlighten (b) Inform
(c) Confuse (d) Pacify

40. Crank
(a) Wise
(b) Conventional
(c) Traditional
(d) Eccentric

- **One word substitution (Question Nos. 41 to 45).**

41. The study of ancient writings and scriptures.
(a) Historiography
(b) Archeology
(c) Geology
(d) Paleography

42. A number of people travelling together in a big van or jeep.
(a) Voyage
(b) Caravan
(c) Pilgrimage
(d) None of these

43. A place where coins are made.
(a) Coinage (b) Bank
(c) Mint (d) Factory

44. A person who regards the world as his/her country.
(a) Foreigner
(b) Patriot
(c) Cosmopolitan
(d) Native

45. Absence of government or control in society.
(a) Mobocracy
(b) Democracy
(c) Anarchy
(d) Polyglot

- **In each of the following questions, find out the correctly spelt word (Questions 46 to 50).**

46. (a) Uropean
(b) Ueropean
(c) European
(d) Eiropean

47. (a) Seremony
(b) Cerimony
(c) Ceramony
(d) Ceremony

48. (a) Corigendum
(b) Corrigendam
(c) Corrigendum
(d) Coregendum

49. (a) Archieve (b) Arkive
(c) Archiv (d) Archive

50. (a) Megazine
(b) Magazine
(c) Megsine
(d) Magezine

Answers

1. b, 2. c , 3. c, 4. c, 5. c, 6. d, 7. d, 8. d, 9. c, 10. d, 11. d,12. d 13. c, 14. d, 15. b, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. c, 27. b, 28. c, 29. b, 30. d, 31. c, 32. b, 33. b, 34. b, 35. d, 36. d, 37. b, 38. c, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. c, 45. c, 46. c, 47. d, 48. c, 49. d, 50. b.

Explanation

2. Article 'the' is used before a singular countable noun which refers to the whole class hence article 'the' is correct answer.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

बाढ़ प्रभावितों की मदद में सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी - मुख्यमंत्री

मुरैना, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुरैना, भिण्ड और श्योपुर के लगभग 100 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रभावितों की हर संभव मदद के लिये राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है। संकट, मुश्किल और परेशानियाँ भी हैं, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इस घड़ी में सरकार प्रभावितों को हर संभव मदद करेगी। प्रभावितों को राहत कैम्पों में लाकर उनकी सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में जो भी नुकसान हुआ है उसका सर्वेक्षण करा कर भरपाई की जायेगी।

मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से मुरैना पहुंचे और मुरैना जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर अम्बाह के समीप ग्राम कुथियाना पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां राहत कैम्पों में रह रहे लोगों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने प्रभावितों को आश्वस्त किया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पूरी सरकार और मैं स्वयं भी आपके साथ संकट की इस घड़ी में खड़ा हूं। आपको हुए हर नुकसान की भरपाई की जायेगी।

श्री चौहान ने कहा कि प्रभावितों की मदद के लिये स्थायी और अस्थायी रूप से कार्य किए जायेंगे। शीघ्र ही जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण का कार्य पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। सर्वेक्षण में न केवल मकान बल्कि पशु, खाद्य सामग्री एवं फसल का भी सर्वेक्षण कराया जाए। सर्वेक्षण के आधार पर जो भी नुकसान का आकलन होगा वह प्रभावितों को राज्य सरकार प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिन गांवों में हर वर्ष या बार-बार बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है, उन गांव के निवासियों की सहमति के आधार पर उन्हें ऊंचे स्थान पर बसाने का कार्य भी किया जायेगा। ऐसे स्थानों पर लोगों को आवास निर्माण में मदद दी जायेगी। साथ ही बिजली, पानी और मूलभूत सुविधाएं भी सरकार मुहैया करायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर से भी चर्चा हुई है, वे स्वयं भी आपके मध्य पहुंचेंगे। केंद्र और प्रदेश सरकार आपकी मदद में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह से कहा कि वे ऐसे बाढ़ प्रभावित गांव जहां बार-बार बाढ़ का पानी भर जाता है, उन्हें ऊंचे स्थान पर बसाने के लिये आम सहमति बनाने की कार्रवाई प्रशासन के सहयोग से कराएं। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों से कहा है कि बाढ़ का पानी जब तक उतर नहीं जाता है, तब तक राहत कैम्पों में ही रहें।

मुख्यमंत्री से मेसर्स भारत ओमान रिफाइनरीज के चेयरमैन श्री सिंह ने की भेंट

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल स्थित स्टेट हैंगर पर मेसर्स भारत ओमान रिफाइनरीज लिमिटेड के चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह ने भेंट की। मुख्यमंत्री को श्री सिंह ने कम्पनी द्वारा सागर जिले की तहसील बीना में प्रस्तावित लगभग 45 हजार करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की जानकारी दी। श्री चौहान ने श्री सिंह को राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कम्पनी द्वारा प्रस्तावित पूंजी निवेश से एलएलडीपीई, एचडीपीई, पॉलीप्रोपाइलीन, विटफगिन और बेंजीन आदि का उत्पादन किया जाएगा। इससे प्लांट ऑपरेशन में 1900 लोगों को प्रत्यक्ष और 5 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त 4 से 5 वर्षों में इकाई स्थापना के लिए होने वाले निर्माण कार्य में 10 हजार और पेट्रो-केम क्लस्टर में स्थापित होने वाले उद्योगों में 50 हजार लोगों को रोज़गार मिल सकेगा। परियोजना का क्रियान्वयन जनवरी 2025 तक हो सकेगा।

पूंजी निवेश की विशेषता यह है कि मेसर्स बीपीसीएल जो भारत सरकार का एक महारत्न उपक्रम है, के द्वारा बीना में पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स निर्माण के लिए सहायक इकाई की स्थापना की जा रही है।

भारत ने जिम्बाब्वे में लगातार पांचवीं बार जीती वन-डे सीरीज

हरारे, जिम्बाब्वे दौरे पर गई युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय क्रिकेट टीम ने वन-डे सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। भारत ने तीन मैचों की वन-डे सीरीज के तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 13 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की है। एशिया कप से पहले टीम की तैयारी के मद्देनजर इस सीरीज को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था। भारतीय टीम सीरीज में पूरी तरह जिम्बाब्वे पर हावी रही। भारत की जिम्बाब्वे पर वन-डे क्रिकेट में लगातार पांचवीं सीरीज जीत है।

तीसरे मैच में भारत के कप्तान के.एल. राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। राहुल के साथ पारी की शुरुआत करने आये शिखर धवन ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 15 ओवरों में 63 रन जोड़े। राहुल 30 तथा धवन 40 रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों के आउट होने के बाद शुभमन गिल और ईशान किशन ने पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिये 161 रनों की साझेदारी कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। किशन ने मैच में 50 रन की पारी खेली, वहीं शुभमन ने अपने वन-डे कॅरियर का पहला शतक जमाया। शुभमन ने 97 गेंदों में 130 रन बनाये। इस दौरान शुभमन ने 15 चौके और एक छक्का भी जड़ा। भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 289 रन बनाये। जिम्बाब्वे के लिये तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस ने 54 रन देकर 5 विकेट झटके।

जीत के लिये 290 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम की शुरुआत खराब रही। भारत के युवा तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पारी के तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज इनोसेंट काइया (6) को 7 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। इसके बाद तकुदवनाशे काइतानो (13) और सीन विलियम्स (45) ने पारी को संभाला। काइतानो के आउट होने के बाद सिकंदर रजा ने मोर्चा संभाला और एक छोर पर टिक कर बल्लेबाजी की। सिकंदर रजा ने 95 गेंदों में 115 रनों की शानदार पारी खेली और मैच को अंत तक रोमांचक बनाये रखा। रजा के आउट होने के बाद भारत ने जिम्बाब्वे को 276 रनों पर ऑल आउट कर मुकाबला 13 रनों से अपने नाम किया।

- **भारत की जिम्बाब्वे के खिलाफ यह लगातार 15वीं जीत है।**
- **भारत ने किसी एक टीम के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा 15 मैच जीतने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है।**
- **भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ कुल 54 मैच जीते हैं।**
- **के.एल. राहुल जिम्बाब्वे में सीरीज क्लीन स्वीप करने वाले पांचवें भारतीय कप्तान हैं।**

खेल चर्चा

पैरा एशियाई खेल अगले वर्ष अक्टूबर में होंगे आयोजित

हांगझोऊ, चीन में कोरोना महामारी के कारण स्थगित किये गये पैरा एशियाई खेलों का आयोजन अगले वर्ष 22 से 28 अक्टूबर तक किया जायेगा। ये खेल आयोजन हांगझोऊ शहर में आयोजित किया जायेगा। एशियाई पैरालिंपिक समिति और हांगझोऊ एशियाई पैरा खेल आयोजन समिति ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया कि पैरा एशियाई खेलों का आयोजन इस वर्ष 2022 में होना था, लेकिन कोरोना से उत्पन्न स्थिति के कारण इन्हें मई 2022 में एक वर्ष आगे बढ़ाया गया था। अब यह खेल 22 से 28 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित होंगे। इससे पहले एशियाई ओलिंपिक परिषद (ओसीए) ने एशियाई खेलों की नई तारीखें भी घोषित की हैं। एशियाई खेल 23 सितम्बर से आठ अक्टूबर, 2023 तक चीन में आयोजित होंगे।

बीसीसीआई ने प्रियंक पांचाल को बनाया इंडिया-ए का कप्तान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ खेली जाने वाली चार दिवसीय मैचों की सीरीज के लिये इंडियन-ए टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान प्रियंक पांचाल को सौंपी है। टीम में अभिमन्यु ईश्वरन, ऋतुराज गायकवाड़, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, के.एस. भरत, उपेंद्र यादव, कुलदीप यादव, सौरभ कुमार, राहुल चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, उमराव मलिक, मकेश कुमार, यश दयाल और अर्जन नागवासवाला को भी जगह मिली है। प्रियंक दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भी इंडिया-ए टीम के कप्तान रह चुके हैं।

रूस में विश्व चैंपियनशिप की तैयारी करेंगे रवि दाहिया

नई दिल्ली, भारत के दिग्गज पहलवान रवि दाहिया अगले महीने सर्बिया में आयोजित होने वाली विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की तैयारी रूस में करेंगे। खेल मंत्रालय रवि दाहिया की रूस में तैयारी का खर्च वहन करेगा। खेल मंत्रालय ने टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत रवि दाहिया की रूस में तैयारी की मंजूरी दी। रवि के साथ कोच अरुण कुमार, फिजियो मुनीश कुमार और पहलवान साहिल भी रूस जायेंगे। रवि का रूस में अभ्यास शिविर 29 दिन चलेगा। इसके बाद रवि सर्बिया के बेलग्रेड में विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। रवि दाहिया ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत के लिये कुश्ती में रजत पदक जीता था। इसके अलावा रवि ने हाल ही में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

विजेंदर सिंह ने सूले को हराकर रिंग में की वापसी

रायपुर, भारत के स्टार मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने रिंग में धमाकेदार वापसी की है। विजेंदर ने रायपुर में खेले गये एक मुकाबले में घाना के दिग्गज प्रोफेशनल मुक्केबाज इलियासू सूले को नॉकआउट कर खिताब जीता। इस मुकाबले में विजेंदर ने सूले को दूसरे राउंड में महज तीन मिनट के भीतर चित कर दिया। इस जीत के साथ विजेंदर ने प्रोफेशनल मुक्केबाजी में अपना कॅरियर रिकॉर्ड 13-1 कर लिया है। विजेंदर ने अब तक 14 फाइल लड़ी हैं, इनमें से 13 में उन्हें जीत मिली तथा एक फाइट में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। विजेंदर को पिछले वर्ष रूस के आर्तिश लोपसन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

श्रीधरन श्रीराम बने बीसीबी के तकनीकी सलाहकार

ढाका, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भारत के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम को बांग्लादेश क्रिकेट टीम का तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया है। बीसीबी के अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा कि हमने श्रीराम को टीम का तकनीकी सलाहकार बनाने का फैसला किया है। श्रीराम एशिया और आगामी आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप तक टीम के साथ बने रहेंगे। हसन ने कहा कि हम एक नई मानसिकता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारा लक्ष्य आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप है। उन्होंने कहा कि यह विश्वकप ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होना है और श्रीराम ने काफी समय ऑस्ट्रेलिया में बतौर कोच काम किया है, ऐसे में उनका अनुभव टीम के काम आयेगा।

भारत ने अंडर-18 एशियाई वॉलीबॉल में जीता कांस्य पदक

तेहरान, भारत की पुरुष वॉलीवॉल टीम ने तेहरान में आयोजित अंडर-18 एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। भारत ने चैम्पियनशिप में कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 25-20, 25-21, 26-28, 19-25 और 15-12 स्कोर से हराया। टूर्नामेंट का स्वर्ण पदक जापान ने जीता। जापान ने फाइनल मुकाबले में मेजबान ईरान को 25-22, 25-22 और 25-23 से हराया। इससे पहले भारत को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

भारत की गेंदबाज झूलन गोस्वामी क्रिकेट से लेंगी संन्यास

नई दिल्ली, भारत की अनुभवी महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी क्रिकेट को अलविदा कहने जा रही हैं। झूलन 24 सितम्बर को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ अपने क्रिकेट कॅरियर का आखिरी मैच खेलेंगी। बीसीसीआई ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे के लिये टीम का ऐलान किया। इस दौरे पर भारत तीन ट्वेंटी-20 तथा तीन वन-डे मैच खेलेगा। इस दौरे पर 10, 13 और 15 सितम्बर को ट्वेंटी-20 तथा 18, 21 और 24 सितम्बर को वन-डे मैच खेले जायेंगे। दौरे का आखिरी मैच 24 सितम्बर को लॉर्ड्स मैदान पर खेला जायेगा, जो झूलन के क्रिकेट कॅरियर का आखिरी मैच होगा। इस दौरे के लिये वन-डे टीम में झूलन को जगह दी गई है। झूलन काफी समय से चोट के चलते टीम से बाहर थीं। बीसीसीआई महिला क्रिकेट विश्वकप के बाद झूलन को विदाई मैच देना चाहता था, लेकिन चोट के चलते झूलन टीम में जगह नहीं बना सकी थीं।

झूलन भारत की सबसे सफल महिला गेंदबाज हैं। झूलन के नाम महिला वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है। झूलन ने 201 वन-डे मैचों में 252 विकेट झटके हैं। झूलन के बाद दक्षिण अफ्रीका के शबनम इस्माइल ने महिला वन-डे क्रिकेट में 191 विकेट लिये हैं। झूलन के नाम 68 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 56 तथा 12 टेस्ट मैचों में 44 विकेट लेने की उपलब्धि दर्ज है। झूलन टेस्ट और ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुकी हैं, अब वे वन-डे क्रिकेट को भी अलविदा कहने जा रही हैं।

अंतिम पंघल ने इतिहास रचते हुए जीता स्वर्ण पदक

सोफिया, भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघल ने जूनियर विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। अंतिम पंघल जूनियर विश्व कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय पहलवान बन गई हैं। अंतिम ने प्रतियोगिता में महिलाओं की 53 किलोग्राम भारवर्ग में कजाखस्तान की पहलवान अल्तिन शागायेवा को 8-0 से हराया।

प्रतियोगिता में अंतिम पंघल का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। अंतिम ने क्वालिफाइंग राउंड में जर्मनी, क्वार्टर फाइनल में जापान और सेमीफाइनल में यूक्रेन की पहलवान को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में कजाखस्तान की पहलवान अंतिम के सामने टिक नहीं पाई।

प्रतियोगिता में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, चार रजत और 11 कांस्य सहित कुल 16 पदक जीते। भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा। पदक तालिका में जापान ने 9 स्वर्ण, ईरान ने 7 स्वर्ण, अजरबेजान ने 5 स्वर्ण तथा अमेरिका ने 3 स्वर्ण पदक जीते।

प्रतियोगिता में भारत के महेन्द्र गायकवाड़ ने पुरुषों की 125 किलोग्राम भारवर्ग में, सोनम मलिक ने महिलाओं की 62 किलोग्राम भारवर्ग में, प्रियंका ने 65 किलोग्राम भारवर्ग तथा प्रिया मलिक ने 76 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में रजत पदक जीते।

सिनसिनाटी मास्टर्स

कोरिक और गार्सिया बने चैम्पियन

सिनसिनाटी, क्रोएशिया के युवा टेनिस खिलाड़ी बोर्ना कोरिक ने यूएस ओपन से पहले बड़ा उलटफेर करते हुए सिनसिनाटी मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया है। वहीं फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने पहली बार यह खिताब जीता है।

कोरिक ने रचा इतिहास

बोर्ना कोरिक इस खिताब को जीतने वाले सबसे निचली रैंकिंग के खिलाड़ी बन गए हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले कोरिक की रैंकिंग 152 थी। कोरिक ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में पुरुष एकल रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ग्रीस के स्टार खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 7-6 (7-0) और 6-2 से हराया। इससे पहले कोरिक ने टूर्नामेंट के दूसरे दौर में राफेल नडाल को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

पुरुष एकल वर्ग का फाइनल रोमांचक रहा। पहले सेट में एक समय दोनों खिलाड़ी 6-6 की बराबरी पर थे, इसके बाद विजेता का फैसला टाईब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में कोरिक ने सितसिपास को कोई मौका नहीं दिया और 7-0 (7-6) से सेट जीत लिया दूसरे सेट में सितसिपास लयहीन नजर आए। कोरिक ने सितसिपास की कमजोरी का फायदा उठाते हुए 6-2 के स्कोर के साथ दूसरा सेट अपने नाम किया।

खिताब जीतने वाली पहली क्वालिफायर बनीं गार्सिया

सिनसिनाटी मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का खिताब कैरोलिन गर्सिया ने जीता। गार्सिया यह खिताब जीतने वाली पहली क्वालिफायर महिला खिलाड़ी बन गई हैं। टूर्नामेंट में बतौर क्वालिफायर हिस्सा लेने वाली गार्सिया ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में चेक गणराज्य की पेत्रा क्वितोवा को 6-2, 6-4 से हराया। फाइनल मुकाबले में गार्सिया क्वितोवा पर पूरी तरह हावी नजर आईं। गार्सिया ने दो बार की विम्बलडन चैम्पियन क्वितोवा को आसानी से हरा दिया।

- **बोर्ना कोरिक के टेनिस कॅरियर का यह पहला मास्टर्स-1000 तथा कुल तीसरा एटीपी खिताब है।**
- **कोरिक ने इस वर्ष एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट भी जीता था।**
- **कोरिक एक ही सीजन में एटीपी चैलेंजर और एटीपी-1000 खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं।**
- **इस खिताबी जीत के बाद कोरिक एकल रैंकिंग में 29वें स्थान पर आ गए हैं।**
- **कैरोलिन गार्सिया बतौर क्वालिफायर डब्ल्यूटीए-1000 खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं।**

यूएफा लीग में

खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनीं मनीषा

साइप्रस, भारत की युवा महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण ने इतिहास रच दिया है। मनीषा यूएफा लीग में खेलने वाली भारत की पहली महिला फुटबॉलर बन गई हैं। मनीषा ने साइप्रस में अपोलो लेडीज एफसी के लिये खेलने उतरी। यूएफा महिला चैंपियंस लीग के क्वालिफाइंग मैच में अपोलो क्लब का सामना लात्विया के रिगास एफसी से हुआ। इस मैच के 60वें मिनट में मनीषा बतौर सब्सिट्यूट मैदान पर उतरीं। मनीषा को मेरिलेना जार्जियू की जगह मैदान पर उतारा गया। इस मैच में भले ही मनीषा कोई गोल नहीं कर पाईं इसके बावजूद अपोलो ने रिगास क्लब को 3-0 से हराया। उल्लेखनीय है कि मनीषा भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। मनीषा को वर्ष 2021-22 के लिये एआईएफएफ ने सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर चुना था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : यूगल से साभार)

सामयिकी

अमेरिका ने की अपने लोगों से यूक्रेन तुरंत छोड़ने की अपील

अमेरिकी सरकार ने यूक्रेन में रह रहे अमेरिकियों से तुरंत देश छोड़ने का आग्रह करते हुए चेतावनी दी है कि रूस,



यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस से पहले नागरिक बुनियादी ढांचे और सरकारी सुविधाओं पर हमले तेज करने की तैयारी में है। दूतावास की वेबसाइट ने कहा, अमेरिकी दूतावास अमेरिकी नागरिकों से निजी तौर पर उपलब्ध जमीनी परिवहन विकल्पों का उपयोग करके यूक्रेन छोड़ने का आग्रह करता है। दूतावास ने कहा पूरे यूक्रेन में सुरक्षा स्थिति अत्यधिक अस्थिर है और बिना किसी चेतावनी के स्थिति और बिगड़ सकती है।

फरीदाबाद में अत्याधुनिक अमृता अस्पताल का उद्घाटन

भारत एक ऐसा राष्ट्र है जहां इलाज एक सेवा है : प्रधानमंत्री

- **फरीदाबाद में अमृता अस्पताल का उद्घाटन होने से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता को बढ़ावा मिलेगा।**
- **माता अमृतानंदमयी मठ द्वारा संचालित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल 2600 बिस्तरों से लैस होगा। करीब 6000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से इस अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। यह अस्पताल फरीदाबाद और पूरे एनसीआर क्षेत्र के लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने फरीदाबाद में अत्याधुनिक अमृता अस्पताल का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही देश ने एक नयी ऊर्जा के साथ आजादी के अमृतकाल में प्रवेश किया है। हमारे इस अमृतकाल में देश के सामूहिक प्रयास प्रतिष्ठित हो रहे हैं, देश के सामूहिक विचार जाग्रत हो रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस अमृत काल की इस प्रथम बेला में देश को श्रीमाता

अमृतानंदमयी के आशीर्वाद का अमृत भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल आधुनिकता और आध्यात्मिकता का मिश्रण है और जरूरतमंद मरीजों के लिए सुलभ और किफायती इलाज का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा, "अम्मा प्रेम, करुणा, सेवा और त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। वह भारत की आध्यात्मिक परंपरा की वाहक हैं।"

भारत की सेवा और चिकित्सा की महान परंपरा पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जहां इलाज एक सेवा है, आरोग्य एक दान है। जहां आरोग्य अध्यात्म, दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुये हैं। हमारे यहां आयुर्विज्ञान एक वेद है। हमने मेडिकल साइन्स को भी आयुर्वेद का नाम दिया है।' प्रधानमंत्री ने भारत में तैयार वैक्सीन के बारे में दुष्प्रचार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आप सभी को ध्यान होगा कि जब भारत ने अपनी वैक्सीन बनाई थी, तो कुछ लोगों ने किस तरह का दुष्प्रचार करने की कोशिश की थी। इस दुष्प्रचार की वजह से समाज में कई तरह की अफवाहें फैलने लगी थीं। लेकिन जब समाज के धर्मगुरु, आध्यात्मिक गुरु एक साथ आए, उन्होंने लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा, तो उसका तुरंत असर हुआ। भारत को उस तरह की वैक्सीन हेसिटेंसी का सामना नहीं करना पड़ा, जैसा अन्य देशों में देखने को मिला।

लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार लाल किले से मैंने अमृतकाल के पंच-प्रणों का एक विजन देश के सामने रखा है। इन पंच प्रणों में से एक है- गुलामी की मानसिकता का संपूर्ण त्याग। उन्होंने कहा कि इसकी इस समय देश में खूब चर्चा भी हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस मानसिकता का जब हम त्याग करते हैं, तो हमारे कार्यों की दिशा भी बदल जाती है।' उन्होंने कहा कि यही बदलाव देश के हेल्थ केयर सिस्टम में भी दिखाई दे रहा है, क्योंकि देश के पारंपरिक ज्ञान में विश्वास बढ़ रहा है। योग को आज वैश्विक स्वीकृति है और पूरा विश्व अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष मनाएगा।

थाईलैंड की अदालत ने प्रधानमंत्री प्रयुत को किया निलंबित

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओ-चा को उनके पद से अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया। यह जानकारी जापान के समाचार समूह निक्केई एशिया ने दी। अदालत का यह प्रभावी आदेश विपक्ष द्वारा दायर एक याचिका के बाद आया है। इसके साथ ही अदालत ने प्रधानमंत्री के आठ साल के कार्यकाल की अवधि की समीक्षा का फैसला भी किया। थाईलैंड के संविधान में प्रधानमंत्री का कार्यालय आठ साल का होता है। प्रयुत के पास जवाब देने के लिए 15 दिनों का समय है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयुत ने पहली बार 2014 में सैन्य तख्तापलट के बाद खुद को प्रधानमंत्री पद से सम्मानित किया था।

विपक्ष का तर्क है कि प्रधान के रूप में प्रयुत के वर्षों की शुरुआत अगस्त 2014 में हुई, जब उन्हें राजा भूमिबोल अदुल्यादेज द्वारा हस्ताक्षरित शाही समर्थन प्राप्त हुआ। वहीं सत्तारूढ़ दल का तर्क है कि प्रयुत का कार्यकाल 2019 में शुरू हुआ था, जब वह नवीनतम संविधान के तहत पहले आम चुनाव के बाद प्रीमियर के लिए चुने गए थे। 2019 में सैन्य सरकार निर्देशित चुनाव के तहत प्रयुत दोबारा प्रधानमंत्री चुने गए। बता दें कि थाईलैंड में अगला आम चुनाव मई 2023 तक होना है।

यूक्रेन की स्थिति को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए : रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने और इसके सभी रूपों में खतरे को खत्म करने का आह्वान किया है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए, श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद सहित किसी भी रूप में आतंकवाद, किसी के द्वारा और किसी भी उद्देश्य के लिए, मानवता के खिलाफ एक अपराध है।

रक्षा मंत्री ने कहा, 'आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। भारत सभी प्रकार

के आतंकवाद से लड़ने और क्षेत्र को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्थिर बनाने के अपने संकल्प को दोहराता है। हम एससीओ सदस्य देशों के साथ संयुक्त संस्थागत क्षमताओं को विकसित करना चाहते हैं, जो प्रत्येक देश की संवेदनशीलता का सम्मान करते हुए व्यक्तियों, समाजों तथा देशों के बीच सहयोग की भावना पैदा करे।'

यूक्रेन की स्थिति पर भारत की चिंता व्यक्त करते हुए श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नई दिल्ली इस संकट को हल करने के लिए रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता का समर्थन करती है। भारत यूक्रेन और उसके आसपास के मानवीय संकट को लेकर चिंतित है। हमने मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) के प्रयासों के लिए अपना समर्थन प्रदान किया है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने रूस पर लगाए नए प्रतिबंध

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री की वेबसाइट पर एक प्रेस विज्ञप्ति में ट्रूडो ने कहा कि कनाडा रूसी सरकार के 62 करीबी सहयोगियों और एक रक्षा क्षेत्र की इकाई पर नए प्रतिबंधों की घोषणा कर रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाये गये हैं, उनमें रूसी संघीय गवर्नर और क्षेत्रीय प्रमुखों, उनके

परिवार के सदस्य तथा वर्तमान में स्वीकृत रक्षा क्षेत्र की संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों सहित उच्च पदस्थ रूसी सरकारी अधिकारी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के सुरक्षा क्षेत्र के संस्थानों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के लिए शांति और स्थिरीकरण संचालन कार्यक्रम के माध्यम से यूक्रेन की दो परियोजनाओं के लिए धन के आवंटन की भी घोषणा की है। रूस के यूक्रेन पर हमले के दिन से यानी इस साल 24 फरवरी से कनाडा ने रूस, यूक्रेन और बेलारूस के 1,300 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलंपियाड

भारत 3 स्वर्ण और 2 रजत के साथ तीसरे स्थान पर रहा

भारत ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी (आईओएए) पर आयोजित 15वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड की पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है। तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने के साथ भारत सिंगापुर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी (आईओएए) पर 15वां अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड जॉर्जिया के कुटैसी में आयोजित किया गया था। भारत की ओर से राघव गोयल, मो. साहिल अख्तर और मेहुल बोराद ने स्वर्ण पदक जीता वहीं मलय केडिया और अथर्व नीलेश महाजन ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। इस आईओएए में कुल मिलाकर 28 स्वर्ण, 38 रजत और 55 कांस्य पदक प्रदान किए गए। राघव गोयल ने सबसे चुनौतीपूर्ण सैद्धांतिक प्रश्न के सर्वश्रेष्ठ समाधान के लिए विशेष पुरस्कार जीता।

भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस का शुभारंभ

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने पुणे में केपीआईटी-सीएसआईआर द्वारा विकसित भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल बस का शुभारंभ किया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि ईंधन सेल बस को शक्ति प्रदान करने में बिजली उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन और वायु का उपयोग करता है और बस से केवल पानी का प्रवाह होता है इसलिए यह संभवतः

परिवहन का सबसे पर्यावरण अनुकूल साधन है। तुलनात्मक दृष्टि से लंबी दूरी के मार्गों पर चलने वाली एक डीजल बस आमतौर पर सालाना 100 टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन करती है और भारत में ऐसी दस लाख से अधिक बसें हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ईंधन सेल वाहनों की उच्च दक्षता और हाइड्रोजन की उच्च ऊर्जा घनत्व यह सुनिश्चित करती है कि ईंधन सेल ट्रकों और बसों के लिए प्रति किलोमीटर परिचालन लागत डीजल चालित वाहनों की तुलना में कम है और यह भारत में माल ढुलाई के क्षेत्र में क्रांति ला सकता है। उन्होंने केपीआईटी और सीएसआईआर-एनसीएल के संयुक्त विकास प्रयासों की सराहना की और कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का प्रौद्योगिकी कौशल दुनिया में सर्वश्रेष्ठ और बहुत कम लागत वाला है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।